तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 21.4 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

11 आखिरकार मुख्यमंत्री से मिले धमधा के...



12 शहर के कई इलाकों में अंधेरे के साये में मनेगी...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप



### हत्या का प्रयास, फरार आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** हत्या के प्रयास मामले में लंबे समय से फरार चल रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि हनुमान जयंती के भंडारा व प्रसाद वितरण के दौरान हुए विवाद में युवक पर धारदार हथियार से हमला कर फरार होने वाले अवंती बाई चौक के पास, पुरानी बस्ती कोहका निवासी सौरभ उर्फ लालु मेश्राम को पकड़ा गया है। प्रकरण के दो अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चूकी है। घटना की शिकायत भरत गिरी ने पुलिस से किया था। घटना 12 अप्रैल 2025 की रात 8:45 बजे भंडारा एवं प्रसाद वितरण को लेकर विवाद हुआ था। तभी पीड़ित और अन्य लोग प्रसाद वितरण कर रहे थे। तभी चिन्ना उर्फ सचिन सोनकर, सौरभ उर्फ लालु मेश्राम,आकाश केसरवानी पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए विवाद कर रहे थे। विवाद के बाद संदीप बघेल के मना करने पर आकाश केसरवानी ने उसके साथ मारपीट किया। तभी सौरभ उर्फ लालु मेश्राम ने धारदार चाकू से संदीप बघेल पर हमला कर दिया था। फिर चिन्ना उर्फ सचिन सोनकर ने चाकू से हमला कर उसके दाहिने हाथ की भुजा के पास चोट पहुंचाई। घटना में संदीप बघेल गंभीर रुप से घायल हो गया था।

**असर :** भीषण चक्रवाती तूफान अर्नब की वजह से आज भारी बारिश की चेतावनी

# पूरे दिन तेज हवाओं के साथ होती रही बारिश दो दिन और बंद रहेंगे स्कूल, घंटों बिजली बंद

**भिलाई।** बंगाल की खाड़ी में आए भीषण चक्रवाती तूफान अर्नब का असर दुर्ग जिले में देखने मिला। बुधवार को पूरे दिन तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश होती रही। हाल यह था कि सड़के-दफ्तर सूने रहे। सभी स्कूल बंद कर दिए गए थे। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों को दो दिन और बंद करने का निर्णय लिया है। यानी गुरुवार और शुक्रवार को भी स्कूलें बंद रहेंगी। दिनभर चली बारिश की वजह से लोगों का आवागमन काफी कम हो गया है। लोग अपने घरों में दुबके रहे। मौसम विभाग ने 29 अक्टूबर को यानी गुरुवार को भी तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी है और एलर्ट जारी किया है। इधर लोग घंटों बिजली बंद की समस्या से भी जूझते रहे। उतई सब स्टेशन का मुख्य फीडर में तकनीकी दिक्कतें आई और बंद रहा।

### इस तरह बढ़ रहा है अर्नब तूफान का कहर

मौसम विभाग के मुताबिक तटीय आंध्र प्रदेश और यनम तथा उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर मौजूद भीषण चक्रवाती तूफान अर्नब पिछले 6 घंटों के दौरान 7 किमी प्रति घंटे की गति से बहुत धीरे-धीरे उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा है। 28 अक्टूबर को 0900 यूटीसी पर, यह तूफान इसी क्षेत्र में 16.8 एन अक्षांश और 81.8 ई देशांतर के पास स्थित था। यह नरसपुर (आंध्र प्रदेश) से लगभग 40 किमी उत्तर-उत्तर-पूर्व में, यनम (पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश) से 40 किमी पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में, काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) से 50 किमी पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में, मछलीपट्टनम (आंध्र प्रदेश) से 100 किमी उत्तर-पूर्व में, गन्नवरम (आंध्र प्रदेश) से 110 किमी पूर्व-उत्तर-पूर्व में और टुनी (आंध्र प्रदेश) से 100 किमी दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। इसके अगले 48 घंटों के दौरान उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और धीरे-धीरे कमजोर होने की प्रबल संभावना है। यह लगभग 1200 यूटीसी (17.30 बजे) तक कमजोर होकर एक 'चक्रवाती तूफान' में बदल जाएगा और लगभग 1800 यूटीसी (23.30 बजे) तक और कमजोर होकर एक 'गहरा अवदाब' में तब्दील हो जाएगा।

### फीडरों में आ रही हैं तकनीकी दिक्कतें, कई इलाकों में बिजली बंद



### बादलों के ऊपरी हिस्से का न्यूनतम तापमान 40-70 डिग्री

मौसम विभाग के मुताबिक यह चक्रवाती तूफान (अर्नब) आंध्र प्रदेश के तट और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तथा आसपास के क्षेत्रों के ऊपर स्थित है। बंगाल की खाड़ी, तटीय आंध्र प्रदेश, दक्षिण बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना और रायलसीमा के ऊपर बिखरे हुए से लेकर घने बादल छाए हुए हैं, जिनमें कहीं-कहीं बहुत तीव्र संवहन देखा जा रहा है। बादलों के ऊपरी हिस्से का न्यूनतम तापमान 70 से -90C के बीच दर्ज किया गया है। इसके अलावा, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक, बिहार और उत्तर प्रदेश के ऊपर भी मध्यम से तीव्र संवहन की स्थिति बनी हुई है (यहाँ बादलों के ऊपरी हिस्से का न्यूनतम तापमान -40 से -70C के बीच है)।

### प्रति घंटे 20 किलोमीटर की गति से हवा के साथ बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक 29 अक्टूबर को बस्तर संभाग में 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने तथा हल्की से माध्यम वर्षा होने की संभावना है। एक दो स्थानों पर भारी वर्षा संभव है। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के जिलों में 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना है तथा अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर माध्यम से भारी वर्षा होने की भी संभावना है।सरगुजा संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है । एक दो स्थानों पर भारी वर्षा सम्भावित है ।

### पारा 4.6 डिग्री सेल्सियस गिरा

अर्नब तूफान की वजह से हो रही बारिश के चलते तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे आया है। अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस बढ़ा और अधिकतम तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा।

# दीपावली और छठ पूजा के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



दीपावली और छठ पूजा में ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में तीन-तीन फेरे लगाएगी। यात्रियों को त्योहार में सफर करने में सुविधा मिलेगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल और उमरिया स्टेशनों पर इस ट्रेन का ठहराव रहेगा। ट्रेन संख्या 08751 दुर्ग-निजामुद्दीन पूजा स्पेशल दुर्ग से 1, 8 और 15 नवंबर को रविवार के दिन रवाना होगी। वहीं ट्रेन संख्या 08752 निजामुद्दीन-दुर्ग पूजा स्पेशल 2, 9 और 16 नवंबर को सोमवार के दिन निजामुद्दीन से चलेगी। दुर्ग से ट्रेन सुबह 10:45 बजे रवाना होकर 11:20 बजे रायपुर पहुंचेगी। यहां पांच मिनट रुकने के बाद आगे रवाना होगी। यह ट्रेन अगले दिन सुबह 11:10 बजे निजामुद्दीन पहुंचेगी। वापसी में निजामुद्दीन-दुर्ग स्पेशल ट्रेन दोपहर 12:30 बजे निजामुद्दीन से रवाना होगी। मथुरा, आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, सागर, दमोह और कटनी मुड़वारा होते हुए यह ट्रेन अगले दिन सुबह 4:18 बजे उमरिया पहुंचेगी। इसके बाद शहडोल, अनूपपुर, पेंड्रारोड और उसलापुर होते हुए दोपहर 12:10 बजे रायपुर पहुंचेगी। रायपुर से 12:15 बजे रवाना होकर दोपहर 1:45 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

### ट्रेन 20 कोच के साथ चलेगी

रेलवे के मुताबिक स्पेशल ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे। इनमें 2 एसएलआरडी, 4 जनरल, 11 स्लीपर, 2 एसी थर्ड और 1 एसी सेकंड श्रेणी का कोच शामिल है। इससे अलग-अलग श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेन के संचालन की तारीख, समय और ठहराव की जानकारी जरूर देख लें। इसके लिए रेलवे की अधिकृत वेबसाइट या एनटीईएस और रेलवन ऐप का इस्तेमाल किया जा सकता सकता है।

### बाइक चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** दो पहिया वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बालमुकुंद साहू बाइक सीजी 04 सीएन 5711 को महादेव कार प्राइवेट लिमिटेड, सुपेला के सामने खड़ा किया था। पूछताछ करने पर अपना नाम शारदा पारा, कैंप 1 निवासी इन्द्रजीत सिंह बताया है। जो बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में खड़ा था। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बाइक को जब्त किया गया।

## बस-ई रिक्शा में भिड़ंत, एक गंभीर

**भिलाई।** सड़क हादसे में ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।



मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मॉजल टाउन भिलाई निवासी रमा शंकर तिवारी ई रिक्शा चलाता है। वाहन लेकर दुर्ग आया हुआ था। इस दौरान बस सीजी 07 ई 8166 और ई रिक्शा का आपस में भिडंत हो गया। घटना दुर्ग रेलवे स्टेशन ब्रिज के पास ही है। हादसे में ई-रिक्शा चालक रमाशंकर तिवारी गंभीर रुप से घायल हो गया है। जिसका उपचार अस्पताल में जारी है। टक्कर इतना जबरदस्त था कि ई-रिक्शा चालक अपने वाहन समेत बस में फंस गया था। घटना के बाद आसपास के लोग पहुंचे और उसे किसी तरह बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। ट्रैफिक भी बहुत देर तक जाम था। सूचना मिलने पर मोहन नगर पुलिस पहुंची और व्यवस्था को अपडेट किया। हादसे के बाद दुर्ग स्टेशन ब्रिज पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई थी। हादसे के कारण ब्रिज के ऊपर लंबा जाम लग गया। घटना सुबह होने पर सड़क पर वाहनों की आवाजाही बनी हुई थी। जाम के चलते राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामले में पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस हादसे का कारण पता लगाने में जुटी हुई है।

# सूदखोरी करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



सूदखोरी का अवैध कारोबार करने वाली दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि पूनम मनोज कुमार ने शिकायत किया कि वर्ष 2024 में उसने 50 हजार की रकम ब्याज पर ली थी। सुरक्षा के रूप में ब्लैंक चेक, कोरा स्टाम्प पेपर हस्ताक्षर भी करया गया था। इसके एवज में प्रति सप्ताह 2,500 के हिसाब से 29 सप्ताह में 72,500 ब्याज के रूप में दिया गया। इसके बाद भी सूदखोर महिला कोहका निवासी बबली साहू उर्फ बबली निरंजन, श्रमिक नगर, सड़क क्रमांक 28, वार्ड 8 सुपेला ज्योति निरंजन 1.50 लाख रुपए का मांग कर रही थी।

रकम जमा करने में देरी होने पर पीड़ित और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने का भी आरोप है। पीड़िता की सहेली सुमिता तब्बोली ने भी दोनों से ब्याज के रुप में 1 लाख रुपए लिया। उसे प्रति सप्ताह 5,000 के हिसाब से 28 सप्ताह में 1.40 लाख भुगतान किया। बावजूद उसे भी अधिक रकम का मांग कर लगातार परेशान करती थी। पुलिस ने जांच कर बबली साहू ज्योति से पूछताछ की गई। ब्याज वसूली से जुड़े दस्तावेजों, अन्य साक्ष्यों का संकलन किया। विवेचना में बबली साहू उर्फ बबली निरंजन, ज्योति निरंजन को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद राशि 99,900, 2.80 लाख रुपए सीमा यादव के मकान की तलाशी से, ब्याज वसूली लेन-देन के हिसाब-किताब की डायरी, बैंकों के ब्लैंक चेक, कोरे स्टाम्प पेपर कोरे चेक जब्त किया गया। इसके अलावा बबली साहू का के खिलाफ सुपेला थाना में धारा 296, 308(2), 3(5) और धारा 4 कर्जा एक्ट, धारा 296, 308(2), 351(2), 3(5), धारा 4 कर्जा एक्ट। के तहत अपराध दर्ज है।

# बेटी के अंतिम संस्कार में व्यस्त रहा परिवार, मकान में हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बेटी के अंतिम संस्कार में व्यस्त परिवार के मकान में लाखों रुपए के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस जांच कर पड़ोसी महिला को हिरासत में लिया है।

■ घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की

भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि तालपुरी बी-ब्लॉक आर्किड 441 बिल्डिंग 11 निवासी रेलवे लोको पायलट गजानन अवचट के मकान से लाखों रुपए का जेवरात व नगद चोरी हो गया है।

20 अक्टूबर 2026 को उनकी बेटी अक्षिता अवचट की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। बेटी के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह से ही परिवारजन, रिश्तेदार, पड़ोसी चौथे माले पर स्थित फ्लैट में एकत्र हुए थे। दोपहर करीब 2 बजे जब सभी लोग बेटी पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए रिसाली मुक्तिधाम ले गए। तब मकान खाली था। शाम करीब 6 बजे अंतिम संस्कार संपन्न कर परिवार घर लौटा तो अगले दिन 21 अक्टूबर की सुबह 8 बजे गजानन अवचट किसी काम से जेब से पैसे निकालने गए। तब उनकी जेब खाली मिली। संदेह होने पर जब मकान की तलाशी ली गई तो पाया गया कि बेटी के बेडरूम में रखे नकदी रकम, पत्नी सुनीता अवचट की नकदी समेत कई सोना चांदी के जेवरात गायब मिला। गजानन अवचट ने 26 अक्टूबर को घटना की शिकायत भिलाई नगर पुलिस में किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और संदिग्धों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरु की गई। तब पता चला कि कोई महिला सामान लेकर निकल रही है। पुलिस ने महिला का शिनाख्त कर उसे पकड़ लिया। महिला का नाम स्मृति नगर सड़क 25 सुपेला निवासी कीर्ती करंगले को गिरफ्तार किया गया है।

**गंभीर मरीजों को बिलासपुर जाने से मिलेगी राहत**

# मानसिक रोगियों के लिए तैयार हो रहा 20 बिस्तर का अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत को देखते हुए सरकारी स्तर पर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिला अस्पताल दुर्ग में हर महीने करीब 800 मानसिक रोगी जांच और इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए जिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन मानसिक अस्पताल को अप्रैल तक पूरी तरह तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। अस्पताल शुरू होने से गंभीर मानसिक रोगियों को स्थानीय स्तर पर उपचार की सुविधा मिल सकेगी और उन्हें बिलासपुर मानसिक अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

■ दुर्ग जिला अस्पताल में मिलेगी नई सुविधा

### 20 मरीजों को एक साथ भर्ती करने की सुविधा

निर्माणाधीन मानसिक अस्पताल की क्षमता 20 बिस्तरों की होगी। यहां एक साथ 10 महिला और 10 पुरुष मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा सकेगा। इससे उन मरीजों को विशेष राहत मिलने की उम्मीद है, जिन्हें नियमित जांच के साथ अस्पताल में भर्ती रखकर उपचार की जरूरत होती है। वर्तमान में जिला अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जांच और इलाज के लिए हर महीने लगभग 800 मरीज पहुंच रहे हैं। ऐसे में नए अस्पताल की सुविधा जिले में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।




### 80 लाख रुपये की लागत से हो रहा निर्माण

मानसिक अस्पताल के निर्माण पर शुरुआती अनुमान के अनुसार करीब 80 लाख रुपये खर्च होने थे। हालांकि, निर्माण में हुई देरी के कारण लागत में वृद्धि होने की बात सामने आई है। भवन का शेष काम पूरा होने के बाद अस्पताल को मरीजों के उपयोग के लिए तैयार करने की दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भवन का ढांचा तैयार, फिनिशिंग का काम बाकी

अस्पताल भवन का ढांचागत निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। दीवारें खड़ी हो गई हैं और अब छत की ढलाई, फिनिशिंग तथा साफ-सफाई जैसे काम शेष हैं। निर्माण एजेंसी सीजी-एमएससी के अधिकारियों के अनुसार, निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। लक्ष्य है कि अप्रैल तक अस्पताल का भवन पूरी तरह तैयार हो जाए, जिससे आगे की आवश्यक प्रक्रियाओं के बाद मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

### मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

मानसिक रोगों के उपचार में समय पर जांच, नियमित परामर्श और जरूरत पड़ने पर अस्पताल में भर्ती की सुविधा महत्वपूर्ण होती है। जिला अस्पताल में हर महीने बड़ी संख्या में मरीजों का पहुंचना इस सेवा की आवश्यकता को दर्शाता है। नया मानसिक अस्पताल शुरू होने से दुर्ग जिले के मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार का बेहतर विकल्प मिल सकेगा। खासकर गंभीर मरीजों और उनके परिजनों को दूसरे शहर में इलाज कराने के लिए होने वाली परेशानी तथा अतिरिक्त खर्च से राहत मिलने की उम्मीद है। अब निगाहें निर्माण कार्य पूरा होने और अस्पताल में उपचार सुविधाएं शुरू होने की समयसीमा पर टिकी हैं।

# निगरानी बदमाशों और गैंग हिस्ट्रीशीटरों पर शिकंजा



जिले के निगरानी बदमाशों और गैंग हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस का शिकंजा कसने का अभियान चल रहा है। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यह किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में चाकूबाजी करने वालों, गुण्डा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों और गैंग हिस्ट्रीशीटरों को चिन्हित कर उनकी निगरानी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। अभियान के तहत थाना-चौकी क्षेत्रों के 131 आपराधिक तत्वों का डाटा अपडेट कराया गया। अपराधियों की बायोमेट्रिक एवं शारीरिक माप से जुड़े डेटा संकलित किया जाता है। जिससे उनकी पहचान एवं पुलिस रिकॉर्ड के संधारण में सहायता मिलती है। संभावित विवादों को रोकने, अपराध, उपद्रव की आशंका पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से जिले के कुल 136 आपराधिक तत्वों के खिलाफ बाउंड ओवर भी की गई है।



# करवा चौथ

## प्रेम, विश्वास और अखंड सौभाग्य का पर्व है

### चांद के दीदार से पूरा होगा व्रत, पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ सुहागिनें रखेंगी उपवास

भारतीय संस्कृति में त्योहार केवल पूजा-पाठ और परंपराओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये रिश्तों में प्रेम, विश्वास और अपनत्व को भी मजबूत बनाते हैं। करवा चौथ ऐसा ही एक पर्व है, जिसका सुहागिन महिलाएं पूरे साल इंतजार करती हैं। पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ महिलाएं सूर्योदय से चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखती हैं। सोलह शृंगार, हाथों में रची मेहंदी, पूजा की थाली, करवा माता की आराधना और छलनी से चांद देखने की परंपरा इस पर्व को खास बनाती है। समय के साथ इसकी तैयारियों और उत्सव मनाने के तरीकों में बदलाव आया है, लेकिन प्रेम, समर्पण और वैवाहिक रिश्ते की मजबूती का भाव आज भी इस त्योहार की आत्मा बना हुआ है।

## चांद के इंतजार में बीतता है दिन, रात में पूरी होती है पूजा

करवा चौथ का पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। वर्ष 2026 में यह पर्व गुरुवार, 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ व्रत रखती हैं।

करवा चौथ की सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल बनने लगता है। महिलाएं सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करती हैं और सरगी ग्रहण करने के बाद व्रत का संकल्प लेती हैं। इसके बाद दिनभर भोजन और जल का त्याग कर पूजा की तैयारियों में जुटी रहती हैं। शाम होते ही पूजा की थाली सजाई जाती है और महिलाएं एक स्थान पर एकत्र होकर करवा चौथ की कथा सुनती हैं।

दिनभर महिलाओं को जिस पल का इंतजार रहता है, वह चंद्रमा के उदय होने का समय होता है। मान्यता है कि चंद्रमा को अर्घ्य देने और विधि-विधान से पूजा करने के बाद ही व्रत पूर्ण होता है। छलनी से पहले चांद और फिर पति का चेहरा देखने की परंपरा इस पर्व को भावनात्मक रूप से विशेष बनाती है। इसके बाद पति के हाथों से जल ग्रहण कर महिलाएं व्रत खोलती हैं।

## सरगी से होती है व्रत की शुरुआत

करवा चौथ की परंपराओं में सरगी का विशेष महत्व है। आमतौर पर सास अपनी बहू को सरगी देती हैं। इसमें फल, मिठाइयां, सूखे मेवे, मठरी, नारियल और अन्य खाद्य पदार्थ शामिल किए जाते हैं। परिवार की परंपरा के अनुसार सरगी की सामग्री अलग-अलग हो सकती है।

सरगी केवल व्रत से पहले भोजन करने की परंपरा नहीं है, बल्कि यह सास और बहू के रिश्ते में स्नेह और अपनत्व का प्रतीक भी मानी जाती है। कई परिवारों में सास अपनी बहू को वस्त्र, शृंगार सामग्री और उपहार भी देती हैं। वहीं, जिन महिलाओं की सास उनके साथ नहीं रहतीं, वे अपनी पारिवारिक परंपरा के अनुसार सरगी की व्यवस्था करती हैं।

सरगी ग्रहण करने के बाद महिलाएं दिनभर व्रत रखती हैं। इस दौरान वे घर के कामकाज के साथ पूजा की तैयारियां भी करती हैं। आजकल कई परिवारों में पति भी अपनी पत्नी के साथ व्रत रखते हैं या उसके लिए दिनभर सहयोग करते हैं। इससे पर्व का स्वरूप आपसी सहभागिता और समान भावनात्मक जुड़ाव की ओर बढ़ रहा है।

## सोलह श्रृंगार से निखरता है पर्व का रंग

करवा चौथ पर सोलह शृंगार का विशेष आकर्षण रहता है। महिलाएं इस दिन पारंपरिक परिधानों को प्राथमिकता देती हैं। लाल, मैरून, गुलाबी, हरे और सुनहरे रंग की साड़ियां, लहंगे तथा आकर्षक सूट इस अवसर की रौनक बढ़ाते हैं। लाल रंग को प्रेम, सौभाग्य और शुभता का प्रतीक माना जाता है।

हाथों में मेहंदी रचाना इस त्योहार की प्रमुख परंपराओं में शामिल है। महिलाएं मेहंदी में फूल-पत्तियों, पारंपरिक आकृतियों और पति-पत्नी के नाम या अक्षरों की डिजाइन बनवाती हैं। इसके साथ मांग में सिंदूर, माथे पर बिंदी, चूड़ियां, मंगलसूत्र, बिछिया, पायल और अन्य आभूषण शृंगार को पूर्णता देते हैं।

समय के साथ पारंपरिक शृंगार में आधुनिक फैशन का मेल भी दिखाई देने लगा है। कोई महिलाएं पारंपरिक साड़ी के साथ आकर्षक आभूषण पहनती हैं, तो कुछ हल्के और सुविधाजनक परिधानों को चुनती हैं। मेकअप में भी प्राकृतिक लुक, हल्के रंगों और सादगी को प्राथमिकता दी जा रही है। हालांकि, शृंगार का तरीका बदल सकता है, लेकिन इस दिन तैयार होने का उत्साह पहले जैसा ही रहता है।

## पूजा की थाली और करवा माता की आराधना

करवा चौथ की शाम को महिलाएं पूजा के लिए विशेष तैयारी करती हैं। पूजा की थाली में दीपक, रोली, अक्षत, मिठाई, फल, जल से भरा करवा और अन्य पूजन सामग्री रखी जाती है। कई स्थानों पर मिट्टी के करवे का उपयोग किया जाता है, जबकि कुछ परिवारों में धातु के करवे की परंपरा भी है।

महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और करवा माता की पूजा करती हैं। माता पार्वती को अखंड सौभाग्य का प्रतीक मानते हुए उनसे वैवाहिक जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। इसके बाद करवा चौथ की व्रत कथा सुनी जाती है। पूजा की विधि और कथा सुनने के तरीके में अलग-अलग क्षेत्रों तथा परिवारों के अनुसार अंतर हो सकता है।

पूजा के दौरान महिलाएं एक-दूसरे को करवा देती हैं और पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करती हैं। कई स्थानों पर समूह में बैठकर कथा सुनने, गीत गाने और पूजा करने की परंपरा है। इससे महिलाओं के बीच सामाजिक जुड़ाव और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति लगाव भी बढ़ता है।

## छलनी से चंद्र दर्शन और पति के हाथों से व्रत का पारण

करवा चौथ की सबसे प्रतीक्षित परंपरा चंद्र दर्शन है। दिनभर व्रत रखने के बाद महिलाएं शाम को चंद्रमा के उदय होने की प्रतीक्षा करती हैं। चंद्रमा दिखाई देने पर महिलाएं पूजा की थाली लेकर खुले स्थान पर जाती हैं और विधि के अनुसार अर्घ्य अर्पित करती हैं। इसके बाद छलनी से चंद्रमा को देखने और फिर उसी छलनी से पति का चेहरा देखने की परंपरा निभाई जाती है। पति के हाथों से जल ग्रहण करने और मिठाई खाने के बाद व्रत का पारण किया जाता है। कई परिवारों में पति अपनी पत्नी को उपहार देते हैं और दोनों एक-दूसरे के प्रति प्रेम तथा सम्मान व्यक्त करते हैं।

## पौराणिक कथाओं से जुड़ी है व्रत की परंपरा

करवा चौथ से जुड़ी कई लोककथाएं प्रचलित हैं। इनमें वीरावती की कथा विशेष रूप से सुनाई जाती है। लोकमान्यता के अनुसार, वीरावती अपने भाइयों की लाड़ली बहन थी। विवाह के बाद उसने पति की लंबी उम्र की कामना से करवा चौथ का व्रत रखा।

भूख और प्यास से व्याकुल बहन की स्थिति देखकर उसके भाइयों ने छलपूर्वक दूर प्रकाश दिखाकर उसे चंद्रमा निकलने का भ्रम दिया।























# आखिरकार मुख्यमंत्री से मिले धमधा के आंदोलनकारी किसान, मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

किसानों के कर्जमाफी से जुड़े मामले को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने आखिरकार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर और जिला अध्यक्ष रोहित राजपूत भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान बाबा टेक सिंह चंदेल ने आईडीबीआई बैंक की विभिन्न शाखाओं से जुड़े किसानों की कर्जमाफी की समस्या को मुख्यमंत्री के सामने प्रमुखता से रखा। किसान नेता चंदेल ने बताया कि आईडीबीआई बैंक की नेहरू नगर, चरोदा और दुर्ग शाखाओं से कई किसानों ने ऋण लिया था। उनके अनुसार, कांग्रेस सरकार की कर्जमाफी योजना के तहत लगभग 18 से 20 किसानों का 100 प्रतिशत कर्ज माफ किया गया, जबकि करीब 60 अन्य किसानों को कर्जमाफी का हवाला देकर वर्षों तक चक्कर कटवाए गए। इसके चलते समय के साथ ब्याज बढ़ता गया और अब संबंधित किसान कर्ज चुकाने में असमर्थ हो रहे हैं।

■ वन टाइम सेटलमेंट की मांग पर जांच की बात कही साय ने

## आईडीबीआई बैंक से जुड़े किसानों के कर्ज का मामला मुख्यमंत्री के सामने उठाया



### कर्ज माफी और वन टाइम सेटलमेंट की मांग

बाबा टेक सिंह चंदेल ने मुख्यमंत्री के समक्ष पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए कर्ज माफ या वन टाइम सेटलमेंट की व्यवस्था लागू करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि कर्जमाफी के इंतजार में वर्षों से परेशान किसानों को राहत मिलनी चाहिए, ताकि वे बढ़ते ब्याज और कर्ज के बोझ से बाहर निकल सकें।

### मुख्यमंत्री ने दिया कार्रवाई का भरोसा

प्रतिनिधिमंडल की बातें सुनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मामले की जांच कराने और किसानों के हित में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने किसान नेता से आंदोलन स्थगित करने की बात कही। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद अब किसानों को मामले में ठोस कार्रवाई का इंतजार है। हालांकि, जांच कब शुरू होगी, प्रभावित किसानों को कब तक राहत मिलेगी और वन टाइम सेटलमेंट की मांग पर क्या निर्णय लिया जाएगा, यह आने वाला समय ही बताएगा। अब सवाल यही है कि क्या मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद वर्षों से कर्जमाफी की राह देख रहे किसानों को वास्तव में राहत मिल पाएगी? इस मौके पर आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक, डॉ. जोहन वर्मा पूर्व जनपद, डॉ. हर्ष साहू, मोती राम वर्मा पूर्व सरपंच, तेजराम साहू, नेतु साहू,ओमप्रकाश पटेल, पंचराम साहू,सुभाष साहू, संतोष मानिकपुरी आदि किसान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बघेल को आज मिलेगा दीर्घकालीन सेवा अलंकरण

**अण्डा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा दीर्घकालीन सेवा अलंकरण समारोह का



आयोजन 29 अक्टूबर को लोकभवन, रायपुर में किया जाएगा। इस समारोह में चयनित स्काउटर एवं गाइडर को आमंत्रित किया गया है। इनमें स्थानीय स्तर से आनंद राम बघेल का नाम भी शामिल है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय, रायपुर द्वारा इस संबंध में जानकारी दी गई है। पत्र के अनुसार, समारोह में चयनित स्काउटर एवं गाइडर की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। इस आयोजन का उद्देश्य स्काउटिंग एवं गाइडिंग के क्षेत्र में दीर्घकालीन सेवा देने वाले व्यक्तियों के योगदान को सम्मानित करना है।

### घुघुवा(क) में 'गंवई संगम' का आयोजन 13 को

**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत ग्राम घुघुवा(क) में आगामी 13 नवंबर 2026 को 'गंवई संगम – लोक कला अउ परंपरा के तिहार' का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक व जनपद पंचायत पाटन के सभापति श्री प्रणव शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक मूल्यों और आध्यात्मिक विरासत को समर्पित इस आयोजन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसका आयोजन सनातन जागरण समिति, यंग स्टार बॉयज क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। समारोह में नौका विहार, लेजर शो, महाआरती, सुवा नृत्य और पंथी नृत्य विशेष आकर्षण होंगे।


### आम सूचना

एतद सर्वसाधारणजन को सूचित किया जाता है कि हम भूमि स्वामीगण अधिराज तिवारी पिता श्री भोला प्रसाद तिवारी एवं पंकज तिवारी पिता श्री भोला प्रसाद तिवारी दोनो निवासी ग्राम टेकापारा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा दिनांक- 22/09/2026 को धर्मेन्द्र मालवीय पिता श्री रामलाल मालवीय से मेरे हक की भूमि जो कि मौजा ग्राम-टेकापार, प.ह.नं.- 03, रा. नि.नं. बोरीबुर्जुग, तह. बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नं. 1517,1519/2 1522, 1523/2, 1524/3, 1525/1, 1525/2 hr 0.1800, 0.1400, 0.2100, 0.1900, 0.0700, 0.0700, 0.2800, 0.1100 हेक्टे. भूमि कुल खसरा नं. 07 कुल रकबा 1.1800 हेक्टे. सौदा राशि 2,35,00,000/- ( दो करोड़ पैंतीस लाख रुपये) में विक्रय करने के लिए धर्मेन्द्र मालवीय पिता श्री रामलाल मालवीय से तय किया है जिसके बयाना दो गवाहों के समक्ष इकरारनामा दिनांक- 22/09/2026 को प्राप्त हुआ है एवं द्वितीय किश्त बयाना राशि प्राप्त करने के दिनांक से 15 दिनों के भीतर अर्थात दिनांक-07/10 /2026 को तय किया गया था तथा शेष रकम इकरारनामा दिनांक- 22/09/2026 से 06 माह के भीतर दिनांक - 22/03/2027 को संपूर्ण राशि देने हेतु इकरानामा अनुसार तय की गई थी, इकरारनामा में उल्लेखित अनुसार क्रेता द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में तय समय 'सीमा अनुसार 'अदा नही करने की दशा में इकरारनामा निरस्त करने का अधिकार विक्रेतागण को होगा। चूंकि इकरारनामा की कंडिका क्र. 02 में उल्लेखित अनुसार हमें आज दिनांक तक द्वितीय किश्त प्राप्त नहीं हुआ है इसलिए हमारे एवं धर्मेन्द्र इकरारनामा मालवीय पिता श्री रामलाल मालवीय निवासी 65, मास्ती इन्फ्रो सिटी, मेन रोड़, अमलेश्वर, सांकरा, तह. पाटन, जिला-दुर्ग (छ. ग.) के मध्य निष्पादित इकरारनामा 22/09/2026 को निरस्त किया जाता है। इकरारनामा निरस्त होने के पश्चात उक्त भूमि का सौदा ( क्रय-विक्रय) हमारे द्वारा करने हेतु हम स्वतंत्र है। किसी को भी व्यक्ति/संस्था/ शासकीय / अर्द्धशासकीय एवं अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नही होगी।
स्थान- दुर्ग
दिनांक-

अजय गुप्ता, किरण गुप्ता
अधिवक्ता, मिलाई, दुर्ग
9827118160



### आम सूचना

एतद सर्वसाधारणजन को सूचित किया जाता है कि मैं भूमि स्वामी भोलाराम तिवारी पिता श्री प्रहलाद प्रसाद तिवारी के द्वारा दिनांक 22/09/2026 को धर्मेन्द्र मालवीय पिता श्री रामलाल मालवीय से मेरे हक की भूमि जो कि मौजा ग्राम-टेकापार, प.ह.नं.- 03, रा.नि.मं. बोरीबुर्जुग, तह. बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नं. 1492/2. 1516, 1518, 1519/2, 1521 a 0.2900, 0.2200, 0.2300, 0.0400, 0.2000 fat. भूमि कुल खसरा नं. 05 कुल रकबा 0.9800 हेक्टे. सौदा राशि 1,85,00,000/- ( एक करोड पच्यासी लाख रुपये) में विक्रय करने के लिए धर्मेन्द्र मालवीय पिता श्री रामलाल मालवीय से तय किया है जिसके बयाना दो गवाहों के समक्ष इकरारनामा दिनांक- 22/09/2026 को प्राप्त हुआ है एवं द्वितीय किश्त बयाना राशि प्राप्त करने के दिनांक से 15 दिनों के भीतर अर्थात दिनांक 07/10/2026 को तय किया गया था और शेष रकम इकरारनामा दिनांक- 22/09/2026 से 06 माह के भीतर दिनांक- 22/03/2027 को इकटरानामा अनुसार संपूर्ण राशि अदा करने हेतु तय की गई थी, इकरारनामा में उल्लेखित अनुसार केता द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में तय समय सीमा अनुसार अदा नही करने की दशा में इकरारनामा निरस्त करने का अधिकार विक्रेता को होगा। चूंकि इकरारनामा की कंडिका क्र. 02 में उल्लेखित अनुसार मुझे आज दिनांक तक द्वितीय किश्त प्राप्त नहीं हुआ है इसलिए मेरे एवं धर्मेन्द्र इकरारनामा मालवीय पिता श्री रामलाल मालवीय निवासी 65, मास्ती इन्फ्रो सिटी . मेन रोड़, अमलेश्वर, सांकरा, तह. पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के मध्य निष्पादित इकरारनामा 22/09/2026 को निरस्त किया जाता है। इकरारनामा निरस्त होने के पश्चात उक्त भूमि का सौदा ( क्रय-विक्रय) मेरे द्वारा करने हेतु मैं स्वतंत्र हूँ जिसमें किसी को भी व्यक्ति/संस्था/ शासकीय / अर्द्धशासकीय एवं अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नही होगी।
स्थान- दुर्ग
दिनांक-

अजय गुप्ता, किरण गुप्ता
अधिवक्ता, मिलाई, दुर्ग
9827118160


## सरपंच ने नए भवन के लिए राशि स्वीकृत करने की उठाई मांग

# 40 साल पुराना पंचायत भवन हुआ जर्जर, छज्जा गिरने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओखरा-मुरमुंदा

जनपद पंचायत धमधा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाहरा का पंचायत भवन जर्जर हालत में पहुंच गया है। करीब 40 साल पुराने इस भवन का छज्जा कुछ माह पहले अचानक गिर गया था। घटना के दौरान वहां कोई मौजूद नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। भवन की दीवारों, छत और पिलरों में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। ऐसे में भवन के भीतर बैठकर पंचायत की बैठक करना भी जोखिम भरा हो गया है। इसके बावजूद नए भवन के निर्माण के लिए अब तक राशि स्वीकृत नहीं होने से पंचायत का कामकाज अस्थायी भवन से संचालित किया जा रहा है।

वहीं ग्राम पंचायत पाहरा के पंचायत भवन का निर्माण वर्ष 1985 में कराया गया था। लंबे समय से भवन की स्थिति खराब होने के कारण इसकी दीवारों, छत और पिलरों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गई हैं। कुछ माह पहले भवन का छज्जा भरभराकर नीचे गिर गया था। इससे भवन की जर्जर स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। वर्तमान में भवन में पंचायत की बैठक आयोजित करना और रोजमर्रा के शासकीय कार्य करना सुरक्षित नहीं रह गया है।

## सुशासन तिहार में भी की गई थी शिकायत, प्रशासनिक उपेक्षा के चलते रोष का माहौल




### सुशासन तिहार में भी दी गई थी जानकारी

ग्राम पंचायत पाहरा के सरपंच कमलेश वर्मा ने बताया कि पंचायत भवन की जर्जर स्थिति से शासन-प्रशासन और जनपद पंचायत धमधा को कई बार अवगत कराया जा चुका है। सुशासन तिहार के दौरान भी इस संबंध में जानकारी दी गई थी, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। भवन की खराब स्थिति के कारण पंचायत का कामकाज गांव के एक अस्थायी भवन से संचालित करना पड़ रहा है।

### नए भवन के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग

सरपंच कमलेश वर्मा ने शासन-प्रशासन से ग्राम पंचायत पाहरा में नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए जल्द राशि स्वीकृत करने की मांग की है। उनका कहना है कि भवन जर्जर होने के कारण पंचायत के कार्यों के संचालन में परेशानी हो रही है। नए भवन का निर्माण होने से पंचायत की बैठकें और शासकीय कार्य व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सकेंगे। साथ ही जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों को भी सुरक्षित स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

### बजट स्वीकृत किया जाएगा

" भवन को डिस्पोज करके नए भवन बनाने जल्द बजट स्वीकृत किया जाएगा।

अजय पटेल,
जनपद सीईओ धमधा

# वोट चोरी कर सत्ता में आई भाजपा हर वर्ग परेशान : ताम्रध्वज साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में ग्राम कुथरेल, विनायकपुर एवं रिसामा में चल रही सेक्टर कमेटी की बैठकों में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

■ सेक्टर कमेटी बैठकों में बोले- सरपंच से लेकर किसान तक त्रस्त

श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा वोट चोरी कर सत्ता में आई है। जनता ने इन्हें महंगाई कम करने के लिए चुना था, लेकिन आज महंगाई चरम पर है। बिजली बिल की बढ़ोतरी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम सरकार की नाकामी को घर-घर तक पहुंचाएं। कार्यकर्ता हर बूथ, हर घर में जाकर लोगों को बताएं कि यह सरकार किस तरह विफल रही है।

पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की हर ग्राम पंचायत का सरपंच परेशान है। गांव में विकास कार्य पूरी तरह से शून्य हो चुके हैं। पंचायतों के पास काम नहीं है, पैसा नहीं है। वर्तमान सरकार की नीतियों से हर वर्ग दुखी है। किसानों को खाद-बीज के लिए भटकना पड़ रहा है, युवा बेरोजगारी से परेशान है, महिलाओं के साथ किए गए वादे पूरे नहीं हुए। महंगाई ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है।

पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख ने कहा कि आने वाले समय में हमें फिर से कांग्रेस की सरकार बनानी है। इसके लिए अभी से संगठन में मजबूती से काम करना होगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रिवेन्द्र यादव, पूर्व सभापति टिकेश्वरी देशमुख पूर्व मंडी डारेक्टर तारकेश्वर चन्द्रकार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्रकार, मंडल अध्यक्ष राकेश हिरवानी, शिवनारायण दिल्लीवार, लोकनाथ साहू, जीतेन्द्र साहू, सरपंच अंडा दिग्विजय सिन्हा, राजीव गाँधी पंचायती राज प्रदेश अध्यक्ष गीता बैकुंठ महानंद, डॉ पिलेश्वर साहू, मुकेश देशमुख आदि मौजूद थे।

# 1100 महिलाओं की कलश यात्रा से भक्तिमय होगा भिलाई तीन, कल से गूंजेगी श्रीमद्भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से भिलाई-3 का वातावरण गुरुवार से सराबोर होने जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्तों की अटूट आस्था और श्रीमद्भागवत महापुराण के दव्यि प्रसंगों से श्रद्धालु भावविभोर होंगे।

■ मां शीतला की पूजा-अर्चना के बाद निकलेगी भव्य यात्रा

श्री जय जगन्नाथ सेवा समिति एवं नगरवासियों के तत्वावधान में 29 अक्टूबर से चार नवंबर तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 1100 से अधिक महिलाओं की भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। राष्ट्रीय कथावाचक पंडित युवराज पांडेय श्रद्धालुओं को भगवान की महिमा और भक्ति का रसपान कराएंगे। कलश यात्रा से होगा भक्तिमय आयोजन का श्रीगणेश आयोजन समिति के सुजीत बघेल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गणेश शुक्ला ने बताया कि गुरुवार सुबह 10:30 बजे भिलाई-3 के विभिन्नि मंदिरों से कलश यात्रा निकाली जाएगी। सिर पर कलश धारण कर महिलाएं श्रद्धा और भक्ति के साथ इस यात्रा में शामिल होंगी। विभिन्नि मंदिरों से निकलने वाली यात्राएं नूतन चौक पर एकत्रित होंगी। यहां ग्राम देवी मां शीतला की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया जाएगा। इसके बाद देवी-देवताओं का आह्वान करते हुए कलश यात्रा नगर के विभिन्नि मार्गों से होकर आयोजन स्थल मंगल भवन के सामने स्थित इस्पात भवन मैदान पहुंचेगी। भजन-कीर्तन और सेवा गीतों के बीच निकलने वाली इस यात्रा से पूरा वातावरण भक्तिमय होने की उम्मीद है। आयोजन स्थल पर भव्य मंच और पंडाल तैयार किया जा रहा है।



### सात दिन सुनाई देंगी भगवान की लीलाएं

कथा के पहले दिन वेदी पूजन, गौकर्ण पूजन और श्रीमद्भागवत महात्म्य का वर्णन होगा। 30 अक्टूबर को ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र एवं परीक्षित जन्म की कथा सुनाई जाएगी। 31 अक्टूबर को अजामिल उपाख्यान और भक्त प्रह्लाद के अटूट वश्विास का प्रसंग होगा। एक नवंबर को समुद्र मंथन, सूर्यवंश कथा और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का वर्णन होगा। दो नवंबर को बालकृष्ण की मनमोहक लीलाओं और दही लूट के प्रसंग श्रद्धालुओं को आनंदित करेंगे। तीन नवंबर को श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह और महारास की कथा होगी। चार नवंबर को सुदामा चरित्र के भावपूर्ण वर्णन के साथ कथा का समापन होगा। इस दिन चढ़ौत्री, तुलसी वर्षा, गीता दान और हवन-पूजन भी किया जाएगा। आयोजन समिति के सुजीत बघेल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता गणेश शुक्ला ने श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



# अपराधों पर लगाम और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने पुलिस कर रही चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले के तीन थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग का तड़के सुबह अभियान चलाया गया। जिसमें थाना दुर्ग, भिलाई नगर, छावनी शामिल है।

अभियान का उद्देश्य मादक पदार्थ रखने वालों, अवैध शस्त्र, हथियारों, संदिग्ध वस्तुओं, व्यक्तियों और पूर्व अपराधियों की जांच कर आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना था। अभियान रायपुर नाका स्थित उड़िया बस्ती, पदमनाभपुर में दुर्ग सीएसपी भारती मरकाम अटल रेश्ने आवास, सुपेला में सीएसपी निशांत पाठक, अटल आवास देवार बस्ती, खुर्सीपार में डीएसपी विशाल सोन के नेतृत्व में व्यापक अभियान चलाया गया।

इस दौरान यहां के रहवासियों से पूछताछ कर रिकॉर्ड चेक किया। संदिग्धों की चेकिंग कर अग्रिम कार्रवाई भी की गई। अटल आवास देवार बस्ती से 2 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर वारंट की तामीली की गई है। अभियान में थाना-चौकी प्रभारियों, पुलिस बल के साथ एएनटीएफ, एसीसीयू, ट्रैफिक रक्षित केंद्र दुर्ग के लगभग 200 अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे। दुर्ग पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। अपराधों की रोकथाम करना, फरार वारंटियों की धरपकड़, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखना है।

# सत्ता पक्ष ने रखा जनहित का मुद्दा, विपक्ष ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

नगर पालिका परिषद कुम्हारी की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के समक्ष विभिन्न विषय रखे। बैठक के सभी 13 एजेंडों पर गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए।

सामान्य सभा की शुरुआत में ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में निर्मित अतिरिक्त कमरों के लोकार्पण कार्यक्रम का मुद्दा गरमाया। विपक्ष के पार्षदों ने आरोप लगाया कि उक्त कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित न करके प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया है। पार्षदों ने सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा कि विकास कार्यों के आयोजनों में सभी संबंधित वार्ड पार्षदों को उचित सम्मान मिलना चाहिए। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, निर्माण कार्यों और अन्य नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की गई। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं उठाकर उनके त्वरित समाधान के सुझाव दिए।



### प्रमुख एजेंडों पर हुए निर्णय

मार्ग चौड़ीकरण एवं नाली निर्माणः स्टेशन चौक से महामाया उद्यान मार्ग के चौड़ीकरण और नाली निर्माण पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रभावित मकान मालिकों के हितों का ध्यान रखा जाए तथा निष्पक्षता से उचित मुआवजा दिलाया जाए।
ओवरहेड टैंक निर्माणः ग्राम जंजगिरी में शेष 450 किलोलीटर क्षमता तथा ग्राम कुगढ़ा में 350 किलोलीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक निर्माण कार्य को पूर्ण कराने हेतु 101.94 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति एवं कार्य आदेश के अनुमोदन पर चर्चा हुई।
15वां वित्त आयोग व विकास शुल्कः 15वें वित्त आयोग के तहत विभिन्न वार्डों में सीसी रोड और नाली निर्माण कार्यों को शामिल किया गया। प्रस्ताव क्रमांक 12 के अंतर्गत भवन अनुज्ञा विकास शुल्क को 5 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़ाकर 6 रुपये प्रति वर्ग फुट कर दिया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, विभिन्न वार्डों के पार्षद, एल्डरमैन एवं पालिका कर्मचारी उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में ढेर सारे उपहार, जितने ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री

**भिलाई।** दिवाली में ओम ज्वेलर्स अपने कस्टमर के लिए ढेर सारे उपहार लेकर आए हैं, जिसमे कस्टमर को जितने ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री दिया जाएगा। 50% मेकिंग चार्ज ऑफ, हर 10 हजार की खरीदी पर एक चांदी की मूर्ति फ्री एवं एक लाख के ऊपर खरीदी पर इंपोर्टेड बैग, इंपोर्टेड वॉच एवं चांदी की मूर्ति फ्री तत्काल प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा भारत सरकार के सभी मापदंड के अनुरूप सभी जेवर में हॉलमार्क का निशान एवं 6 अंकों का कोड हर सोने के जेवर पर आपको मिलेंगे। वहीं आपको बीएसआई गवर्नमेंट द्वारा तुरंत सर्च कर जेवरों की शुद्धता आप अपने मोबाइल में देख सकते हैं। हमारे शॉप में 22 कैरेट, 20 कैरेट एवं 18 कैरेट के बेहतरीन कलेक्शन एक से बढ़कर एक डिजाइन उपलब्ध है जिसमें सोने की झुमकी, नेकलेस, कंगन, हार, चोकर,




रानी हार, बढ़िया-बढ़िया फैंसी मंगलसूत्र व लॉकेट एवं नथ, फुल्ली की काफी अच्छी वैरायटी आपको देखने मिलेगी। दिवाली को देखते हुए अनटच फ्रेश न्यू कलेक्शन की पूरी वैरायटी उपलब्ध है। वहीं आपको चांदी में करधन, पायल, हाफ करधन, राजकोट पायल, सैलम पायल, कोल्हापुरी पायल, आगरा पायल, इंपोर्टेड चैन, वॉच रिंग, ब्रेसलेट, चांदी की मूर्ति, ग्लास, थाली, कटोरी, चम्मच की हजारों वैरायटी देखने को मिलेगी। शहर के हृदय स्थल में स्थित ओम ज्वेलर्स इंदिरा मार्केट शॉप नंबर 64बी, प्रिया सिंगर सदन के सामने अपने भव्य शोरूम के नाम से चिर परिचित है। रेट एंड व्हाइट कलर होने की वजह से ग्राहकों की पहचान बनी है। वहीं शहर की सबसे पुरानी शॉप प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वेलर्स इंदिरा मार्केट दुर्ग में अवश्य पधारे।




# भिलाई संयंत्र स्कूलों के प्रतिभावान विजेता बच्चों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

## बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 में खेल प्रतिभा सम्मान समारोह

भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों के विजेता और पदक प्राप्त विद्यार्थियों के सम्मान में भिलाई निवास में खेल प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथि थे। इस अवसर पर संयंत्र के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा अतिथियों का पौधे भेंट कर स्वागत किया। महाप्रबंधक व विभाग प्रमुख शिखा दुबे ने कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक दृढ़ता, अनुशासन एवं सामुदायिक भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्य अतिथि ने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धियों ने विद्यालयों, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम व लगन के साथ उत्कृष्टता के नए शिखर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खेलों को टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं उत्तम स्वास्थ्य के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। जीएम प्रभारी एबी श्रीनिवास ने खेल समन्वयकों, विद्यालय प्रमुखों एवं खेल शिक्षकों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद ने खिलाड़ियों ने कहा कि खेल जीवन की चुनौतियों का सामना करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने का सशक्त माध्यम हैं।



### कई खिलाड़ियों को मिले स्वर्ण व रजत पदक

सत्र 2025-2026 के दौरान 150 विद्यार्थियों ने ब्लॉक, जिला, संभाग, प्रादेशिक, राष्ट्रीय शालेय एवं खुली राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अनेक पदक अपने नाम किए। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 3 रजत एवं 1 कांस्य पदक सहित कुल 9 पदक अर्जित किए। वहीं, खुली राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण एवं 3 कांस्य पदक जीतकर कुल 7 पदक हासिल किए।राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 9 खिलाड़ियों ने सहभागिता की तथा 3 स्वर्ण, 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक सहित कुल 5 पदक जीते। खुली राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक सहित कुल 8 पदक हासिल किए।खेल प्रभारी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भिलाई विद्यालय,की छात्रा सृष्टि साव तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 की छात्रा सृष्टि मिश्रा ने भाषण और सेक्टर-7 के विद्यार्थियों ने योग प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का संचालन संचालन व्याख्याता सुनीता अनिल वासुदेवन तथा वरिष्ठ शिक्षिका महुवा चटर्जी और सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10 की प्राचार्य सुमिता सरकार ने किया।

## खबर संक्षेप



### कोक ओवन बैटरी -8 में कोक पुशिंग हुई शुरु

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में पुनर्निर्मित बैटरी क्रमांक-8 से 28 अक्टूबर 2026 को प्रथम कोक पुशिंग सफलतापूर्वक की गई। इसके साथ ही कोक उत्पादन प्रक्रिया की पुनः शुरु हो गई। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक प्रभारी और कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, पवन कुमार, पीके सरकार, राकेश कुमार, कमल भास्कर, तुलाराम बेहेरा तथा सजीव वर्गीस सहित संयंत्र के अन्य मुख्य महाप्रबंधकव वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पुनर्निर्मित बैटरी में पर्यावरण अनुकूल तकनीकी उपायों को शामिल किया गया है, जिसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा दक्षता एवं जल संरक्षण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। गैस उत्सर्जन को न्यूनतम करने के उद्देश्य से जीरो लीकेज डोर लगाए गए हैं, वहीं गैस मिक्सिंग स्टेशन के माध्यम से ऊर्जा खपत के प्रबंधन तथा न्यूमेटिक सील्ड कैप्स के उपयोग से जल खपत को नियंत्रित किया जा सकेगा। बैटरी क्रमांक-8 से प्रथम कोक पुशिंग से पर्यावरण में सफलता मिलेगी।

## टाउनशिप और निगम क्षेत्र के कई जगह अंधेरे में हैं डूबे

# शहर के कई इलाकों में अंधेरे के साये में मनेगी दिवाली, सैकड़ों स्ट्रीट लाइटें हो गई हैं खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

### यूनियनों व पार्षदों ने बीएसपी व निगम से की जल्द सुधारने की मांग

शहर के कई वार्डों के व्यस्ततम और रिहायशी क्षेत्रों में इस साल रौशनी का त्योहार दीपावली अंधेरे के साये में मनेगा। बीएसपी टाउनशिप और पटरीपार नगर निगम के इलाकों में कई बस्तियों और सड़कों तथा चौराहों की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। त्योहार नजदीक होने के बाद भी बीएसपी और नगर निगम दोनों ही उदासीन बने हुए हैं। यूनियनों और पार्षदों ने दिवाली के जगह जगह बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को सुधारने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि दीपावली के के पर्व के लिए मात्र दस दिन बाकी हैं। लेकिन अब तक शहर में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने को लेकर जिम्मेदार एजेंसियां बेखबर बने हुई हैं। विभिन्न वार्डों में करीबन ती सौ से अधिक स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। सेक्टरी इलाके और पटरीपार के पार दोनो क्षेत्रो के बस्तियों और कालोनियों में जगह जगह स्ट्रीट लाइट बंद या टिमटिमा रही है। वहीं कई व्यस्ततम और अंदरुनी सड़कों और पब्लिक प्लेस में भी कई जगह लाइट खराब है। अंधेरे के कारण भीड़भाड़ वाल क्षेत्रों, सड़कों और सूनसाने जगहों पर छिटपुट दुर्घटनाएं बढ़ने के साथ लोगों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में गाड़ी गड्ठों में पानी भर जाने से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। कई बार पार्षदों, यूनियनों और कालोनीवासियों द्वारा बीएसपी व भिलाई निगम व रिसाल से मांग किए जाने के बाद भी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटो के सुधारने की जहमत नहीं उठाई जा रही है।



### सुनसान स्थानों में वारदातें बढ़ीं

टाउनशिप मे सर्वाधिक बंद स्ट्रीट लाइट सेक्टर 6, सेक्टर 7, 8 और रिसाली व रुआबांध सेक्टर में हैं। सेक्टर 6 मार्केट व बंद बीएसपी हायर सेकंडरी स्कूल के निकट दर्जनभर स्ट्रीट लाइट बंद है। सेक्टर 7 में सेक्टर 6 ई मार्केट के निकट, सड़क दस और सड़क 35 और कल्याण कालेज रोड पर भी लाइट टिमटिमा रही है या फिर लंबे समय से बंद है। रिसाली आजाद मार्केट व मैत्रीबाग रोड और सेंटथामस कालेज रोड पर भी स्ट्रीट लाइट बंद होने से दुर्घटनाएं और अराजक घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट सुधारना या बदलना बीएसपी ने बंद कर दिया है। दिवाली पूर्व जल्द सुधारा जाए। इसी तरह पटरीपार निगम क्षेत्र में आकाशगंगा सब्जी मंडी तिराहे, कांट्रेक्टर कालोनी चौक, अंडा चौक और बापूनगर तिराहा खुर्सीपार और नंदिनी रोड पुलिस लाइन में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं।

### बारिश में गड्ढों से बढ़ी दुर्घटनाएं

अंधेरे से शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों और सड़कों पर स्ट्रीट लाइट खराब होने से जहां वाहन चलाना मुश्किल और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं वहीं अराजक और आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। आज बुधवार को बारिश के कारण गैराज रोड में अंडरब्रिज तिराहे के निकट गड्ठो में पानी भर जाने से रात दोपहिया चालक स्लिप होने से घायल हो गया। सुपेला अस्पताल गली में भी अंधेरे में स्कूटी सवार युवती गाय से टकराकर चोटिल हो गई। क्षेत्रवासियों ने बताया कि स्ट्रीट लाइटें बंद होने से अंधेरे का फायदा उठाकर अराजक तत्व असामाजिकत घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बोरसी रोड तालपुरी कालोनी मोड़ छिनताई व छेड़छाड़ का अराजक प्वाइंट बन गया है। इसके निकट कुछ साल पूर्व एक स्कूटी सवार युवती का मर्डर भी हो चुका है। सूनसान स्थानों में चेन स्नेचिंग, छेड़छाड़ और चोरी की वारदातें हो रही हैं। रहवासियों ने दिवाली पूर्व भिलाई व रिसाली निगम तथा बीएसपी से सभी स्ट्रीट लाइटों को सुधारने की मांग की है।

## छत्तीसगढ़ सरकार के फैसले जनहित में ऐतिहासिक : विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए जनहितकारी निर्णयों का स्वागत करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इन्हें ऐतिहासिक और सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि, आम नागरिकों को आर्थिक राहत और शासकीय सेवकों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए सुशासन एवं जनकल्याण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।



■ 15 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी, 3100 रुपए मिलेगा प्रति क्विंटल

विधायक ललित ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने का निर्णय किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। प्रदेश के 27.50 लाख से अधिक किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदा जाएगा। डिजिटल क्रॉप सर्वे से रकबे का ऑनलाइन निर्धारण और बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में 360 नए धान उपार्जन केंद्र शुरू करने का निर्णय स्वागतयोग्य है। इससे कुल 3100 केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी। अधिक उपार्जन केंद्र होने से किसानों को नजदीकी केंद्रों पर अपनी उपज बेचने में सुविधा मिलेगी तथा खरीदी व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

### बिजली बिल में राहत की अवधि बढ़ाना जनहित में

विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान एम-ऊर्जा के तहत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक बिजली बिल में दी जा रही रियायत जारी रखने के निर्णय की सराहना की। विधायक चंद्राकर ने शासकीय सेवकों और उनके आश्रित परिवारजनों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने को महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से सूचीबद्ध अस्पतालों में उपचार के दौरान चिकित्सा व्यय का भुगतान स्वयं करने और बाद में प्रतिपूर्ति के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं होगी। पूर्व-अनुमोदन और चिकित्सा दावों की प्रक्रिया ऑनलाइन होने से व्यवस्था अधिक सुविधाजनक बनेगी।

# सांसद-सरपंच संवाद में उठीं ग्रामीण समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

## सांसद बघेल ने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य पर की चर्चा

ग्रामीण विकास को गति देने और पंचायत प्रतिनिधियों तथा प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से भिलाई के सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में सांसद-सरपंच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। पाटन, दुर्ग और धमधा विकासखंडों के 143 सरपंचों की उपस्थिति रही। संवाद के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं, विकास कार्यों और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य गांवों की जरूरतों को समझकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांवों, गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, रजनी विजय बघेल, पूर्व नगर पालिका परिषद चरोदा अध्यक्ष शशिकांत बघेल, समाजसेवी संजय बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक, सभापति नीलम राजेश चंद्राकर, भिलाई महिला जिला अध्यक्ष स्विटी कौशिक और जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद विजय बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहला सांसद-सरपंच संवाद कार्यक्रम है, आखिरी नहीं। जनप्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारियों का अहसास करते हुए जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।





### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान जनहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सांसद विजय बघेल ने स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले लीलेश देशमुख, राघवेन्द्र सिंह, अजय पाणीकर, राजेश सिंह, भूपेंद्र यादव, निशु पाण्डेय, राम कुमार धनकर, रोशन ताम्रकार, हितेंद्र तन्ना, होमन देशमुख, देवेंद्र यादव, शिव बघेल, श्रीकांत ताम्रकार, विशाल दीप नायर सोनी, योगेश और रमेश यादव सहित अन्य सहयोगियों की सराहना की गई। कार्यक्रम के संचालन में उद्घोषक ममता और दीपांशु का भी योगदान रहा।

### बिजली बिल की समस्या प्रमुखता से उठी

संवाद के दौरान सरपंचों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं। ग्रामीणों के पुराने बिजली बिलों से जुड़ी परेशानियों का मुद्दा प्रमुखता से सामने आया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याएं केवल उनकी नहीं, बल्कि सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की साझा जिम्मेदारी हैं। उन्होंने बताया कि बिजली बिल से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समस्याओं के निराकरण के लिए जल्द से जल्द उचित निर्णय कराने का प्रयास किया जाएगा। दीपावली से पहले लोगों को हो रही तात्कालिक परेशानियों के समाधान के लिए भी संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाने की बात कही।

## सड़क किनारे पसरा व्यवसाय करने वालों को हटाने की कार्रवाई पर विधायक सेन नाराज



**भिलाई।** सड़क किनारे पसरा लगाकर व्यवसाय करने वालों को हटाने की कार्रवाई पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने तत्काल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा कर बिना पूर्व सूचना, सामान हटाने की मोहलत दिए बिना की गई कार्रवाई पर आपत्ति दर्ज कराई और प्रभावित छोटे व्यवसायियों को राहत देने की मांग उठाई। कुछ अरसा पहले भिलाई निगम के तत्कालीन आयुक्त अशोक द्विवेदी ने भी बगैर जनप्रतिनिधियों को सूचना दिए कुछ इसी तरह की कार्रवाई की थी जिसमें विधायक रिकेश की आपत्ति को सीएम हाउस ने संज्ञान में लेकर कमिश्नर को हटा दिया था। 27 अक्टूबर को इसकी पुनरावृत्ति होने पर विधायक ने नाराज़गी जताई है।

### मुख्यमंत्री से जल्द करेंगे मुलाकात

विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद इस मुद्दे पर 29 अक्टूबर को सीएम से मुलाकात भी करेंगे। विधायक रिकेश सेन ने स्पष्ट किया कि वे यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमण के समर्थक नहीं हैं। त्यौहारी सीजन में सड़कों को व्यवस्थित और सुगम बनाए रखने के लिए प्रशासन व यातायात पुलिस के प्रयास आवश्यक हैं, लेकिन कार्रवाई से पहले संबंधित व्यवसायियों को नोटिस देकर सामान हटाने का पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में मानवीय संवेदनशीलता और छोटे व्यापारियों की आजीविका का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है। दोपहर करीब 12 से 3 बजे के बीच जेसीबी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान ठेले-खोमचे और पसरा लगाकर फल, सब्जियां और खाद्य सामग्री बेचने वाले कई छोटे व्यवसायियों के सामान को नुकसान हुआ। उनकी बिक्री के लिए रखी खाद्य सामग्री भी नष्ट हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।






हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129





गोस्वामी तुलसीदास की पुण्यतिथि ...

**लाइव इवेंट**

## युवा केवल समस्याओं के पहचान तक सीमित नहीं बल्कि उनके समाधान खोजने की दिशा में रहें सक्रिय




**भिलाई।** श्री शंकराचार्य संस्थान, भिलाई में आयोजित संविद 2026 में युवाओं की प्रतिभा, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता के विविध रंग देखने को मिले। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं, पत्रकारिता गतिविधियों और बौद्धिक विमर्श ने आयोजन को खास बनाया। एल अवेनिर न्यू जनरेशन समिट 2026 के अंतर्गत आयोजित द ग्लोबल टर्मिनल मॉडल यूनाइटेड नेशंस एमयूएन में 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार साझा किए। फनोलॉजी द्वारा आयोजित सम्मेलन के दूसरे दिन 18 कार्यकारी मंडल सदस्यों की सहभागिता रही।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारत की बड़ी युवा आबादी देश की विरासत को आगे ले जाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रखती है। युवाओं को केवल समस्याओं के पहचान तक सिमित नही बल्कि उनके समाधान खोजने की दिशा में सक्रिय रहना चाहिए। महासचिव नारायणी मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने संवैधानिक अधिकारों, पर्यावरण संरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य, डिजिटल नैतिकता और महिलाओं के विरुद्ध हिंसा जैसे विषयों पर चर्चा की। विभिन्न समितियों के माध्यम से विद्यार्थियों को संसदीय प्रक्रियाओं, तार्किक चिंतन, संवाद और कूटनीतिक दृष्टिकोण का व्यावहारिक अनुभव मिला। आयोजन के सांस्कृतिक मंच पर विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियों से अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया।

**लाइव इवेंट**


## 'जीना यहां, मरना यहां' पर प्रस्तुति ने जीता सबका दिल



**भिलाई।** कला, संस्कृति और संगीत के रंगों से सजे भिलाई के एसएनजी सेक्टर-4 में देश राग 21वें ऑल इंडिया फेस्टिवल एंड कॉम्पिटिशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर का आयोजन जारी है। इस आयोजन में देश के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। मंच पर कहीं भारतीय शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक छटा दिखाई दे रही है, तो कहीं लोक नृत्य, बॉलीवुड प्रस्तुतियों और संगीत की मधुर धुनों से दर्शक मंत्रमुग्ध हो रहे हैं।

नृत्यधाम कला समिति भिलाई के इस आयोजन में 73 वर्षीय ईटी सतीशन की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। ईटी सतीशन ने सदाबहार गीत 'जीना यहां, मरना यहां' पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। उम्र के इस पड़ाव पर भी मंच के प्रति उनका उत्साह और गीत के प्रति उनका जुड़ाव लोगों को प्रभावित कर गया। उनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह प्रस्तुति इस बात का सुंदर उदाहरण बनी कि कला के प्रति लगन और अभिव्यक्ति का जज्बा उम्र का मोहताज नहीं होता। फेस्टिवल में भारतीय कला और संस्कृति की विविधता देखने को मिल रही है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागी कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक और मोहिनीअट्टम जैसे शास्त्रीय नृत्यों के माध्यम से भारतीय परंपराओं की खूबसूरती प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके साथ ही मणिपुरी नृत्य, अर्धशास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य और बॉलीवुड शैली की प्रस्तुतियां भी कार्यक्रम का हिस्सा हैं। हर नृत्य शैली की अपनी अलग पहचान, भाव-भंगिमा और प्रस्तुति की विशेषता होती है। कलाकार अपनी शारीरिक मुद्राओं, लय, ताल और भावों के माध्यम से दर्शकों तक अपनी कला पहुंचा रहे हैं। पारंपरिक नृत्य शैलियों के साथ आधुनिक प्रस्तुतियों का मेल इस आयोजन को विविधतापूर्ण बना रहा है।





● खेल मैदान पर दिखा हुनर, नेटबॉल में दुर्ग की दोहरी जीत

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज, 465 खिलाड़ी छात्र-छात्राएं दिखाएंगे दमखम, कराते में भी दुर्ग के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

**भिलाई।** खेल के मैदान पर प्रतिभा दिखाने का उत्साह, जीत के लिए संघर्ष और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संकल्प। इन्हीं भावनाओं के बीच बुधवार को भिलाई विद्यालय में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। 28 से 31 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 465 खिलाड़ी छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। उनके साथ 100 कोच और मैनेजर भी पहुंचे हैं। पहले दिन नेटबॉल में दुर्ग की बालक और बालिका टीमों ने बस्तर को हराकर शानदार शुरुआत की, वहीं कराते के 19 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग जोन के खिलाड़ियों ने कई भार वर्गों में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग दुर्ग के. वी. राव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिलाई नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने की। विशेष अतिथि के रूप में बोरसी के पार्षद एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री साजन जोसफ और सेक्टर-2 की पार्षद साधना सिंह उपस्थित रहीं।



### नेटबॉल में दुर्ग का शानदार प्रदर्शन

प्रतियोगिता के पहले दिन नेटबॉल के छह मुकाबले खेले गए। बालिका वर्ग में दुर्ग ने बस्तर को 22-03 से और बालक वर्ग में 26-02 से पराजित किया। बालिका वर्ग में बिलासपुर ने सरगुजा को 19-02 से हराया। बालक वर्ग में सरगुजा ने बिलासपुर को 08-07 से रोमांचक शिकस्त दी। दुर्ग की बालक टीम ने बिलासपुर को 20-03 से हराया, जबकि बालिका टीम ने सरगुजा को 08-01 से पराजित किया। इस तरह दुर्ग की दोनों टीमों ने अपने मुकाबलों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

### कराते में भार वर्ग के अनुसार विजेता

19 वर्ष बालक वर्ग के कराते मुकाबलों में 35 किग्रा से कम भार वर्ग में दुर्ग के चेतन आनंद साहू प्रथम, बस्तर के अंकित चंद्र द्वितीय और रायपुर के जतिन कुमार देवांगन तृतीय रहे। 40 किग्रा से कम में दुर्ग के भूपेंद्र साहू प्रथम, बस्तर के किरण द्वितीय और बिलासपुर के आदित्य तृतीय रहे। 45 किग्रा से कम में दुर्ग के ध्रुवकांत साहू प्रथम, बिलासपुर के युकुफ द्वितीय और बस्तर के लव मरकाम तृतीय रहे। 50 किग्रा से कम में दुर्ग के सोनी प्रथम, बिलासपुर के नीलिन यादव द्वितीय और रायपुर के वीरेंद्र कुमार ठाकुर तृतीय रहे। 54 किग्रा से कम में दुर्ग के भास्कर साहू प्रथम, रायपुर के दीपक साहू द्वितीय और सरगुजा के पवन कुमार तृतीय रहे। 58 किग्रा से कम में दुर्ग के प्रसाद प्रथम, बस्तर के संदीप कुमार द्वितीय और रायपुर के वेदांत साहू तृतीय रहे।

66 किग्रा से कम में बस्तर के त्रिवेंद्र वर्मा प्रथम, बिलासपुर के अंशु मोरिया द्वितीय और रायपुर के केशव साहू तृतीय रहे। 70 किग्रा से कम में रायपुर के निशम साहू प्रथम, बिलासपुर के भारखान द्वितीय और दुर्ग के पुष्कर कुमार श्रीवास तृतीय रहे। 74 किग्रा से कम में बिलासपुर के दिनेश कुमार प्रथम और रायपुर के विश्वकर्मा द्वितीय रहे। 78 किग्रा से कम में बिलासपुर के निशम साहू प्रथम और रायपुर के नितीन विश्वकर्मा द्वितीय रहे। 82 किग्रा से कम में रायपुर के वीर साहू प्रथम और बिलासपुर के अमित साहू द्वितीय रहे। 82 किग्रा से अधिक भार वर्ग में दुर्ग के गुणेश्वर विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### खेल भावना और अनुशासन को बढ़ावा

उद्घाटन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, सहायक संचालक अमित घोष, सहायक संचालक क्रीड़ा कल्पना स्वामी, डीएमसी विनोद सिन्हा और भिलाई विद्यालय के प्राचार्य विजय पवार उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के संचालन में दुर्ग जिले के 100 व्यायाम शिक्षक जुटे हैं। शिक्षा विभाग के प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी पी. जे. सेबास्टियन, व्यायाम शिक्षक और आयोजन समिति के सदस्य व्यवस्थाओं का समन्वय कर रहे हैं।

प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की नेटबॉल स्पर्धा तथा 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के कराते मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता 31 अक्टूबर तक जारी रहेगी।





# करवा चौथ की खरीदारी से गुलजार रहे बाजार देर रात तक मेहंदी लगवाने पहुंचीं महिलाएं

**भिलाई।** पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ महिलाएं गुरुवार को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। पर्व को लेकर बुधवार को ट्विनसिटी के बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही। सुबह से शुरू हुआ खरीदारी का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। कपड़ों, कॉस्मेटिक, श्रृंगार और पूजन सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ नजर आई। पर्व की तैयारियों के बीच बाजारों में उत्साह का माहौल रहा।

करवा चौथ पर पूजा और सोलह श्रृंगार का विशेष महत्व होने के कारण महिलाओं ने अपनी जरूरत के अनुसार खरीदारी की। किसी ने पूजा के लिए करवा, कलश, लोटा और चलनी खरीदी, तो किसी ने पूजन सामग्री के साथ सुहाग का सामान लिया। चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर और अन्य श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। वहीं,



कपड़ों और सौंदर्य प्रसाधनों की दुकानों में भी महिलाओं ने अपनी पसंद के अनुसार सामान खरीदा।

### मेहंदी के रंग में रंगे हाथ

करवा चौथ की तैयारियों में मेहंदी का रंग भी खास रहा। बुधवार को बाजारों में मेहंदी लगाने वालों के पास महिलाओं की भीड़ लगी रही। हाथों में आकर्षक डिजाइन सजवाने के लिए महिलाएं देर रात तक पहुंचती रहीं। किसी ने पारंपरिक बेल-बूटों वाले डिजाइन पसंद किए, तो किसी ने हथेली पर बारीक और कलात्मक मेहंदी लगवाई। मेहंदी लगवाने के लिए इंतजार भी करना पड़ा, लेकिन महिलाओं में पर्व को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ।

करवा चौथ के एक दिन पहले बाजारों में उमड़ी भीड़ ने त्योहार की रौनक बढ़ा दी। खरीदारी से लेकर मेहंदी और श्रृंगार तक, महिलाएं व्रत की तैयारियों को अंतिम



रूप देने में जुटी रहीं। अब आज महिलाएं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ व्रत रखेंगी।

# डॉ. एजाजुद्दीन को फार्मेसी रिसर्च के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**भिलाई।** फार्मेसी के क्षेत्र में शोध और वैज्ञानिक योगदान के लिए रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलसचिव और डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। उन्हें रायपुर में आयोजित एपीटीकॉन-2026 के दौरान देश का प्रतिष्ठित प्रो. सीजे शिशू पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार फार्मास्यूटिकल साइंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए दिया जाता है। एसोसिएशन ऑफ फार्मास्यूटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया एपीटीआई का 28वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित किया गया। इसमें देशभर के फार्मेसी शिक्षकों, शोधकर्ताओं और दवा उद्योग से जुड़े



विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में फार्मेसी शिक्षा, शोध, नई तकनीक और दवाओं के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, पीसीआई अध्यक्ष मोंटू पटेल, एपीटीआई के प्रेसिडेंट मिलिंद उमेकर और ईआरसी पीसीआई के चेयरमैन डॉ दीपेंद्र सिंह भी शामिल हुए। डॉ. एजाजुद्दीन एपीटीआई की छत्तीसगढ़ शाखा में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें मिला यह सम्मान फार्मास्यूटिकल साइंस के क्षेत्र में उनके योगदान को पहचान देता है।

**कार्नर न्यूज**

भिलाई महिला महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम

# आर्थिक सुरक्षा के लिए वित्तीय अनुशासन अपनाना भविष्य की बेहतर तैयारी

**भिलाई।** केवल पैसा कमाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका सही प्रबंधन, नियमित बचत और समझदारी से निवेश करना भी जरूरी है। आर्थिक सुरक्षा के लिए वित्तीय अनुशासन अपनाना भविष्य की बेहतर तैयारी है। इसी उद्देश्य से भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को धन प्रबंधन, बजट बनाने, बचत और निवेश के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सविता शुक्ला ने छात्राओं को वित्तीय अनुशासन का महत्व समझाते हुए सोच-समझकर निवेश करने और अपनी आय के अनुसार बजट बनाने के तरीके बताए। उन्होंने सावधि जमा एफडी, आवर्ती जमा आरडी और नियमित निवेश योजना एसआईपी के बीच अंतर समझाया। बचत और निवेश से संबंधित वीडियो के माध्यम से भी वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने अपने संबोधन में दैनिक जीवन




में वित्तीय शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने कहा कि पैसा कमाने के साथ उसे बचाना और सही तरीके से उपयोग करना भी जरूरी है। उन्होंने अपनी बात पैसा तो कमाते हैं, पर जमाते नहीं के माध्यम से समझाई। कार्यक्रम में संध्या तिवारी और मीनाक्षी गौतम भी उपस्थित रहीं। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भारती वर्मा, डॉ. राजश्री शर्मा, डॉ. एम. माधुरी, डॉ. निधि मोनिका शर्मा तथा शिक्षा विभाग की डॉ. भावना चौहान और आशा साहू सहित अन्य प्राध्यापिकाएं शामिल हुईं। बीएड प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन रोमा टंडन ने किया।



# सेवा के दीप से रोशन होंगे जरूरतमंदों के जीवन, लिया सेवा का संकल्प

**भिलाई।** दीपावली की खुशियां हर घर तक पहुंचे और जरूरतमंदों के चेहरों पर भी मुस्कान खिले, इसी उद्देश्य से अध्यात्म पथ सेवा परिवार, छत्तीसगढ़ ने सेवा अभियान की कार्ययोजना तैयार की है। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित बैठक में जरूरतमंद परिवारों को मिष्ठान्न एवं वस्त्र वितरित करने के साथ समाजसेवा के विभिन्न कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए हेमा सक्सेना को अध्यक्ष, नमित क्षत्रिय को महासचिव, वंदना सिंह को उपाध्यक्ष और हर्षा ताम्रकार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं सुशीला सिन्हा, रेखा पंड्या और राजकुमार भल्ला को वरिष्ठ सदस्य चुना गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन आत्मपरिवर्तन, साधना और ज्ञान की प्रेरणा देता है। आध्यात्मिकता का वास्तविक स्वरूप मानवता की सेवा और समाज कल्याण में दिखाई देता है।




सेवा का अर्थ केवल जरूरत पूरी करना नहीं, बल्कि किसी के जीवन में सम्मान, अपनत्व और आशा जगाना भी है। उन्होंने नागरिकों से अपनी सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्यों में सहभागी बनने की अपील की।

## सिटी इवेंट

### विश्व कल्याण, समाज में सौहार्द व सुख-समृद्धि की कामना के साथ दी पूर्णाहूति



**दुर्ग।** आर्य नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती और शरद पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विशेष वैदिक यज्ञ, सत्संग और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवयज्ञ हवन के साथ हुआ। पुरोहित द्वारा उच्चारित वेदमंत्रों की ध्वनि और आहुतियों की सुगंध से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। यजमानों ने विश्व कल्याण, समाज में सौहार्द और सुख-समृद्धि की कामना के साथ पूर्णाहूति दी। हवनोपरांत आयोजित धर्मसभा में वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनकी तपस्या और विचारों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता आचार्य दिलीप ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने पवित्र ग्रंथ रामायण की रचना कर समाज को मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श जीवन जीने की अमर प्रेरणा दी। उनका जीवन यह संदेश देता है कि सद्विचारों और दृढ़ संकल्प से मनुष्य अपने जीवन की दिशा बदलकर महानता के शिखर तक पहुंच सकता है। सभा में शरद पूर्णिमा के प्राकृतिक और आध्यात्मिक महत्व की भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और हमारे मन-मस्तिष्क को शीतलता प्रदान करती है। इस दौरान मधुर भजनों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। समारोह के समापन पर आर्य समाज के पदाधिकारियों ने उपस्थित सभी अतिथियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। शांति पाठ के उपरांत सभी भक्तों में शरद पूर्णिमा की पारंपरिक खीर और प्रसाद का वितरण किया गया।

● 17वां शुकराना महोत्सव में सेवा, संस्कार और सद्भावना का लिया संकल्प

# गोस्वामी तुलसीदास की पुण्यतिथि पर पांच मातृशक्तियों का सम्मान, भक्ति के साथ समाजसेवा का संदेश

**भिलाई।** ईश्वर के प्रति कृतज्ञता, समाज के प्रति जिम्मेदारी और मानव सेवा के भाव को जीवन में उतारने का संदेश देते हुए साईं झूलेलाल धाम, हाउसिंग बोर्ड में 17वां शुकराना महोत्सव मनाया गया। इस महोत्सव में भक्ति, धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक सरोकारों का सुंदर मेल देखने को मिला। गोस्वामी तुलसीदास की पुण्यतिथि को समर्पित आयोजन में समाज और मानव सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाली पांच मातृशक्तियों का विशेष सम्मान किया गया। साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं ने संस्कारों को मजबूत करने, नशामुक्त समाज बनाने और प्रेम व सद्भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। आदर्श सिंध ब्रादर मंडल, हाउसिंग बोर्ड, भिलाई और साईं झूलेलाल धाम महिला मंडल की ओर से आयोजित यह महोत्सव बिना किसी शासकीय अनुदान के समाज के सहयोग से निरंतर किया जा रहा है। आयोजन का मूल भाव प्रभु के प्रति शुकराना अर्थात कृतज्ञता व्यक्त करना है। आयोजकों के अनुसार, जीवन में जो कुछ मिला है, उसके लिए ईश्वर के प्रति आभार जताने के साथ समाज के उन लोगों को पहचान देना भी जरूरी है, जो बिना किसी स्वार्थ के सेवा कार्यों में जुटे हैं। महोत्सव से संदेश दिया कि समाज की वास्तविक समृद्धि आपसी सहयोग, मानवीय संवेदना और निस्वार्थ सेवा में निहित है। कार्यक्रम की शुरुआत सुखमनी साहिब और भगवत पाठ, साईं झूलेलाल की आराधना, दीप प्रज्वलन और शुकराना प्रार्थना के साथ हुई। महिला मंडल की ओर से अरदास, पल्लव और सिंधी भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन एवं साहित्य का स्मरण किया गया। वक्ताओं ने श्रीरामचरितमानस में वर्णित मर्यादा, त्याग, करुणा, सत्य और लोकमंगल के आदर्शों को आज के समाज के लिए भी प्रासंगिक बताया। तुलसीदास की रचनाएं आज भी लोगों को सदाचार, परोपकार और मानवीय मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।







### संस्कारों को समर्पित पांच मातृशक्तियों का सम्मान

महोत्सव का प्रमुख आकर्षण पांच मातृशक्तियों का सम्मान रहा। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली माया रोहरा, समाज सेवा और महिला मंडल की सक्रिय कार्यकर्ता भावना माखीजा, संस्कार एवं सेवा कार्यों में योगदान देने वाली रेखा बजाज, भजन-कीर्तन और धार्मिक जागरण में सक्रिय रेणु साधवानी तथा युवा मातृशक्ति और सेवाभावी व्यक्तित्व पूनम आसनानी को सम्मानित किया गया। पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर इनका अभिनंदन किया गया। सम्मान के माध्यम से समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और निस्वार्थ सेवा के महत्व को रेखांकित किया गया।

### पांच संकल्पों से समाज को बेहतर बनाने की पहल

आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति के साथ सेवा करने, संस्कारों से समाज को समृद्ध बनाने, नशामुक्त एवं स्वच्छ समाज के निर्माण, महापुरुषों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रेम, एकता और सद्भावना का दीप जलाए रखने का संकल्प लिया। सामूहिक महाआरती, मंगल प्रार्थना, प्रसाद और स्वल्पाहार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।
आदर्श सिंध ब्रादर मंडल के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कृष्णानी, उपाध्यक्ष सुभाष भगत और महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव ने कहा कि शुकराना केवल शब्द नहीं, बल्कि कृतज्ञता को व्यवहार में उतारने की भावना है। जब भक्ति के साथ सेवा और संस्कार जुड़ते हैं, तभी समाज में सकारात्मक बदलाव आता है।

## सिटी लाइव

### स्वदेशी अपनाकर स्वावलंबी भारत के निर्माण में योगदान देने लिया संकल्प



**भिलाई।** स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच द्वारा सेक्टर-6 में एक दिवसीय प्रांतीय महिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। चार सत्रों में आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश के 22 जिलों से 112 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की। इस दौरान स्वरोजगार, लघु उद्योग और महिला उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार और उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम की प्रस्तावना दिव्या कलिहारी ने प्रस्तुत की। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य और स्वदेशी स्वावलंबन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन गीतांजलि ने किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल और मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह-संगठक सतीश कुमार उपस्थित रहे। मंच पर मध्य पश्चिम क्षेत्र संगठक केशव दुबोलिया, प्रांत संयोजक एवं स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वयक जगदीश पटेल, शीला शर्मा, दीप्ति प्यासी, स्वावलंबी भारत अभियान की राष्ट्रीय समन्वयक सुमन मुथा, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य अरुणा दीक्षित, जगदीश मेहता, संजय चौबे और अजय भसीन मौजूद रहे। द्वितीय एवं तृतीय सत्र में लघु उद्योग भारती की छत्तीसगढ़ इकाई की अध्यक्ष डॉ. सिप्पी दुबे, कन्हैया लाल सोनी और यमला साहू ने स्वरोजगार, लघु उद्योगों की संभावनाओं तथा महिला उद्यमिता के संबंध में मार्गदर्शन दिया। राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी सदस्य दीप्ति प्यासी ने भी महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और स्वावलंबन के विषय पर विचार रखे। समापन सत्र में महिला एवं बाल विकास आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, प्रांत सह-संयोजक एवं वक्ता दिनेश पाटिल, रजनी बघेल और भिलाई नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने संबोधित किया। इस अवसर पर दिव्या भसीन ने उपस्थित लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार और अधिकाधिक उपयोग का संकल्प दिलाया। कार्यशाला के आयोजन में ललित सेन, चिराग यादव, निधि वर्मा, चंदा हिरवानी, सुनीति साहू, आलोक सिंह, तामेश्वर साहू, हीरा लाल साहू, सरोजनी पाणिग्रही, सत्येंद्र यादव, मोहन बागुल, दिव्या भसीन, श्वेता कनौजिया, आशीष निमजे, कंचन शुक्ला और रजनीकांत अग्रवाल का योगदान रहा। अंत में दुर्ग जिला संयोजक गुरु प्रसाद तिवारी ने अतिथियों, वक्ताओं और उपस्थित मातृशक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जावेद नसीम के सम्मान में हुआ मुशायरा और कवि सम्मेलन

**भिलाई।** साहित्यिक संस्था एकत्र के तत्वावधान में हैदराबाद से आये शायर, साहित्यकार जावेद नसीम के सम्मान में आर.के. म्यूज़िक स्टूडियो, सेक्टर-7, भिलाई में एक मुशायरे और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक महेश कुमार विनोदिया ने जावेद नसीम का स्वागत किया। जावेद नसीम केवल एक शायर और साहित्यकार ही नहीं, बल्कि एक प्रतिभाशाली अदाकार, एंकर, लोकप्रिय यूट्यूबर एवं शॉर्ट फिल्म निर्माता भी हैं। इस साहित्यिक संध्या में शायरी, कविता, साहित्यिक विचारों और आपसी सौहार्द का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित शायरों एवं कवियों जावेद नसीम, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी, इस्माईल शाद बिलासपुरी, सुशील यादव एवं शुचि भवि ने अपनी चुनिंदा ग़ज़लों, शायरी और काव्य रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन में जावेद नसीम ने अतिथि के रूप में अपनी रचनाएं प्रस्तुत करने के साथ-साथ कार्यक्रम की एंकरिंग भी की। काव्य-पाठ के साथ-साथ साहित्य, समाज और संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में जगजीत सिंह भाटिया, शांताराम वानखेड़े, प्रकाश चन्द्र बेहरा सहित अन्य साहित्य एवं कला प्रेमी उपस्थित रहे।



## भिलाई चेम्बर का जनजागरूकता अभियान

# आया त्योहार चलो बाजार अभियान लोकल बाजार को मिल रहा प्रोत्साहन

**भिलाई।** भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा त्योहारों के अवसर पर स्थानीय बाजारों को प्रोत्साहित करने एवं व्यापारियों के हित में चलाए जा रहे आया त्योहार चलो बाजार अभियान को शहर में बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में अभियान के माध्यम से आम नागरिकों, विशेषकर स्कूली बच्चों को जागरूक किया जा रहा है कि वे ऑनलाइन शॉपिंग के बजाय स्थानीय बाजारों से खरीदारी करें, जिससे बाजारों की रौनक बढ़े और स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिले।

भिलाई चेम्बर का यह अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ कुम्हारी क्षेत्र में भी उत्साहपूर्वक संचालित किया गया।अभियान के अंतर्गत स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को स्थानीय बाजारों से खरीदारी करने के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। बच्चों को समझाया जा रहा है कि बाजारों में जाकर खरीदारी करने से न केवल व्यापारियों को लाभ मिलता है, बल्कि स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है।अभियान के दौरान कुम्हारी क्षेत्र की होलसेल सब्जी मंडी में व्यापारियों को आ रही समस्याओं पर व्यापारियों ने अजय भसीन से चर्चा की। भिलाई चेम्बर के महामंत्री अजय भसीन ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मंडी की समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में आवश्यक पहल की।

इसके साथ ही शाम के समय बाजारों में खरीदारी के लिए पहुंचे ग्राहकों का लड्डू खिलाकर स्वागत किया गया। इस अभियान के तहत आज से जवाहर मार्केट में त्योहारी सुरक्षा को देखते हुए 20 से अधिक गार्ड की व्यवस्था की गई ,यह गार्ड दीवाली तक लगातार व्यवस्था में रहेंगे। चेम्बर के इस प्रयास से ग्राहकों में उत्साह देखने को मिला तथा स्थानीय बाजारों में खरीदारी को लेकर सकारात्मक वातावरण बना।



चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि यह अभियान केवल खरीदारी को प्रोत्साहित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य स्थानीय व्यापार, व्यापारियों के सम्मान और बाजारों की परंपरा को मजबूत करना भी है। उन्होंने कहा कि त्योहारों की खुशियां तभी सार्थक होंगी, जब हमारे स्थानीय बाजार भी खुशियों और रौनक से भरे रहें। शंकर सचदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों से अपील की गई कि वे इस त्योहार पर स्थानीय बाजारों से खरीदारी कर अपने शहर के व्यापारियों का सहयोग करें और आया त्योहार चलो बाजार अभियान को सफल बनाएं। अभियान में मुख्य रूप से सरोजनी पाणिग्रही, पूर्णिमा नंदी, माधुरी पराशर ,निरंकार सिंह, लकी सोनी व अनेक सदस्य सक्रिय रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा में

### कृष्ण जन्मोत्सव की धूम, भागवत कथा में गूंजे नंद के आनंद भयो के जयकारे





**भिलाई।** रिसाली के प्रगति नगर स्थित मां परमेश्वरी भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भागवताचार्य संत निरंजन महाराज लिमतरा वाले ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, पूतना वध, बाल लीलाओं एवं माखन चोरी के प्रसंगों का वर्णन किया। इस दौरान कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि जब धरती पर अत्याचार बढ़ने लगा, तब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लेकर अधर्म का नाश और धर्म की स्थापना की। भगवान के जन्मोत्सव के प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और भक्ति भाव से उत्सव में सहभागिता की। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया गया। पूतना वध के प्रसंग के माध्यम से भगवान की दिव्य शक्ति और भक्तों की रक्षा का संदेश दिया गया। वहीं, माखन चोरी की लीलाओं के माध्यम से बाल कृष्ण की मनमोहक छवि और गोकुल की आनंदमयी संस्कृति का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हुए। महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा, धर्म और लोककल्याण का संदेश देता है। उनकी लीलाएं मनुष्य को अहंकार त्यागकर प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं। यह नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 23 से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक मां परमेश्वरी भवन, प्रगति नगर, रिसाली, भिलाई में हो रही है। आयोजनकर्ता दामिनी देवी देवांगन, रमेश लाल देवांगन,अदिति देवांगन, राजकिरन देवांगन, सानवी देवांगन,अविराज देवांगन सहित देवांगन परिवार द्वारा कराया जा रहा है।

## दुर्ग में कानून की जानकारी से बच्चों को सुरक्षा, साहस और अधिकारों की पहचान

# हर बच्चे का बचपन, हम सबकी जिम्मेदारी, स्कूलों में सुरक्षित बचपन अभियान, बताए अधिकार और सुरक्षा के उपाय

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** विद्यालय बच्चों के सपनों को उड़ान देने का स्थान है, लेकिन इन सपनों की सुरक्षा के लिए बच्चों को अपने अधिकारों और खतरों की पहचान होना भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें बच्चों को बाल शोषण, बाल विवाह और इंटरनेट से जुड़े खतरों के प्रति जागरूक करने के साथ असुरक्षित परिस्थितियों में आवाज उठाने और सहायता मांगने के तरीके बताए जा रहे हैं।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के अध्यक्ष के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में यह पहल की जा रही है। प्राधिकरण के सचिव उमेश कुमार भागवतकर के समन्वय से संचालित अभियान की थीम 'जागरूकता, सुरक्षा और संरक्षण हर बच्चे का अधिकार' है। इसका संदेश है कि बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार की नहीं, बल्कि विद्यालय और पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है।



### बच्चों की भाषा में कानून की समझ

अभियान के अंतर्गत छह विषयों के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इनमें मेरा बचपन, मेरा अधिकार, कानून जानो, बचपन बचाओ, सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित बचपन, बोलो, बताओ, बचाओ, ना बाल विवाह, ना बाल शोषण और जागरूक बचपन, सशक्त भारत शामिल हैं। इन विषयों के जरिए बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा, इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, अनुचित व्यवहार की पहचान और शिकायत करने के तरीकों से परिचित कराया जा रहा है। बच्चों को समझाया जा रहा है कि किसी भी तरह के शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में चुप रहना जरूरी नहीं है।

### जागरूकता से बढ़ेगा आत्मविश्वास

सुरक्षित बचपन अभियान का उद्देश्य बच्चों को केवल उनके अधिकारों की जानकारी देना नहीं, बल्कि उनमें अपनी बात कहने का साहस भी विकसित करना है। जब बच्चे असुरक्षित परिस्थितियों को पहचानेंगे और मदद मांगने के रास्तों से परिचित होंगे, तभी जागरूकता वास्तविक सुरक्षा में बदल सकेगी। यह पहल परिवारों, विद्यालयों और समाज को भी याद दिलाती है कि हर बच्चे की गरिमा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है।

### 7 विद्यालयों में पहुंचे शिविर

अभियान के तहत चंद्रशेखर हायर सेकेंडरी स्कूल दुर्ग, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दीपक नगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसानगर भिलाई, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय महमारा, बिरझापुर, चंदखुरी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उतई क्रमांक-2 में शिविर आयोजित किए गए। इनमें न्यायिक अधिकारियों भानू प्रताप सिंह त्यागी, कामिनी जायसवाल, ऐश्वर्या दीवान, प्रज्ञा अग्रवाल, शाश्वत दुबे, अंजली सिंह, महिमा शर्मा, आरती ध्रुव, आकांक्षा सिंह, राहुल सोरी, पंकज शर्मा और मुस्कान शर्मा ने सहभागिता की। पैनल अधिवक्ताओं, साइबर अपराध अधिकारियों और पैरा लीगल वॉलंटियर्स ने भी बच्चों को जानकारी दी।

## सिटी स्पोर्टस

### उभरते अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी मिले उप मुख्यमंत्री साव से



**रायपुर।** मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित कॉमनवेल्थ स्कूल्स शतरंज चैंपियनशिप-2026 में छत्तीसगढ़ के होनहार युवा शतरंज खिलाड़ी इरा अर्नि रंगनाथ और वेद अर्का रंगनाथ ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ियों ने इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर टॉप 10 में जगह सुनिश्चीत की है। प्रदेश के खेल व युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने दोनों खिलाड़ियों से नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुलाकात कर दोनों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि 5 वर्ष की इरा ने भारत का प्रतिनिधित्व कर गर्ल्स अंडर-7 रैपिड स्पर्धा में छठा स्थान हासिल किया। साथ ही उन्हें प्रतियोगिता में 'यंगेस्ट स्टार' सम्मान से नवाजा गया। वहीं 7 वर्ष के वेद ने अंडर-7 वर्ग की ब्लिट्ज और क्लासिकल स्पर्धाओं में शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस मुलाकात के दौरान दोनों खिलाड़ियों के माता पिता सहित प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी उपस्थित थे।

### सरगुजा ओलंपिक में अब तक 4.16 लाख पंजीयन



**रायपुर।** प्रदेश में दूसरी बार आयोजित हो रहे सरगुजा ओलंपिक को लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। सरगुजा संभाग के 6 जिलों से कुल 4 लाख 16 हजार 813 खिलाड़ियों ने इसमें पंजीयन कराया है, जिसमें महिला खिलाड़ियों की संख्या पुरुषों से 69 हजार 45 अधिक है। सभी छह जिलों में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं। विकासखंड स्तर पर विजेता रहे खिलाड़ी अब जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद जिला स्तर के विजेता आगामी नवंबर माह में प्रस्तावित संभाग स्तरीय मुकाबलों में अपने-अपने जिलों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### राज्य स्तरीय अस्मिता वूमेंस लीग सॉफ्ट टेनिस में दिखाया दम




**रायपुर।** खेलो इंडिया एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में राज्य स्तरीय अस्मिता वूमेंस लीग सॉफ्ट टेनिस का आयोजन गांधी स्टेडियम अंबिकापुर स्थित लॉन टेनिस ग्राउंड में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आईं महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंबिकापुर की महापौर मंजूषा भगत एवं एमआईसी सदस्य प्रियंका गुप्ता, गर्ल्स स्कूल की प्राचार्य अर्पणा दुबे और नीलम राजवाड़े उपस्थित रहीं। वहीं, प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक के रूप में रवि शंकर धनगर, प्रमोद ठाकुर एवं दिलीप कुमार विश्वकर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता में प्रदेशभर की महिला खिलाड़ियों ने पंजीयन कराकर तीन अलग-अलग आयु वर्गों की स्पर्धाओं में अपना कौशल दिखाया। इस आयोजन को सफल बनाने में रजत सिंह, सुनैना जायसवाल, सॉफ्ट टेनिस की राष्ट्रीय पदक विजेता रीमा राय, चंचल सारथी, पूर्णिमा प्रतिकार, प्रिया जायसवाल, खुशबू गुप्ता तथा बबीता तिग्गा का विशेष योगदान रहा।

### 'बस्तर ओलंपिक 3.0' के लिए पंजीयन 30 तक



**रायपुर।** बस्तर की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें एक बड़ा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित होने जा रहे 'बस्तर ओलंपिक 2026-27' (बस्तर ओलंपिक 3.0) को लेकर पूरे अंचल में उत्साह का माहौल है। प्रशासन ने इस महाकुंभ के लिए जनजागरूकता अभियान में जिले एवं ब्लॉक स्तर के सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, खेल संघों, मीडिया, सामाजिक संगठनों तथा स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है, ताकि खेलों के इस उत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके और इच्छुक प्रतिभागी 30 अक्टूबर की अंतिम तिथि से पूर्व अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से करा लें।

बदलते मौसम का सेहत पर होता है असर, जानिए सब कुछ

# मौसम बदलते ही होने लगती है गले में खराश और खांसी, जानिए इसकी वजह और बचाव के उपाय







मौसम में बदलाव होते ही अक्सर लोगों को गले में खराश, सूखी खांसी, नाक बहने और गले में दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से सर्दी से गर्मी या गर्मी से सर्दी के मौसम में प्रवेश करते समय तापमान और हवा की नमी में आने वाला परिवर्तन शरीर को प्रभावित करता है। शुरुआती हल्की खराश को अनदेखा करना भारी पड़ सकता है, इसलिए इसके कारणों को समझना जरूरी है।

### गले में खराश और खांसी के प्रमुख कारण



मौसम बदलने के दौरान सर्दी-जुकाम और फ्लू फैलाने वाले विषाणु यानी वायरस सक्रिय हो जाते हैं, जिससे गले में दर्द, खराश, खांसी और हल्का बुखार हो सकता है। तापमान का अचानक गिरना या हवा का शुष्क होना सांस की नलियों में जलन पैदा करता है, जिससे गला सूखने और बार-बार खांसी की समस्या होती है। हवा में मौजूद धूल और सूक्ष्म प्रदूषक कण भी सांस के साथ गले में जाकर जलन पैदा करते हैं, जिससे सांस और अस्थमा के मरीजों की तकलीफ बढ़ जाती है। इसके अलावा परागकण यानी पॉलेन, धूल और फफूंद से एलर्जी होने पर बार-बार छींकें आना, गले में खुजली और सूखी खांसी की शिकायत होती है। शुष्क हवा गले की प्राकृतिक नमी को सुखा देती है, जबकि सिगरेट का धुआं, अगरबत्ती, परफ्यूम और रसायन युक्त सफाई उत्पादों के धुएं से गले की नलियों में जलन और खांसी बढ़ सकती है।

### गले की सुरक्षा और बचाव के आसान उपाय

दिनभर पर्याप्त मात्रा में गुनगुने पानी और तरल पदार्थों का सेवन करने से गले को राहत मिलती है। एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच नमक मिलाकर दिन में दो से तीन बार गरारे करना लाभदायक होता है। घर में धूल जमा न होने दें और धूम्रपान वाले स्थानों से दूरी बनाकर रखें। प्रदूषण अधिक होने पर वायु गुणवत्ता यानी एयर क्वालिटी की जांच करें, अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और बाहर जाते समय एन-95 यानी N-95 मास्क का उपयोग करें। साबुन से नियमित हाथ धोएं, संक्रमित व्यक्तियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए पूरी नींद लें। ध्यान रखें कि अधिकांश खराश वायरस के कारण होती है जिस पर एंटीबायोटिक दवाएं असर नहीं करतीं, इसलिए केवल डॉक्टर की सलाह पर ही दवाओं का सेवन करें।





# कवर्धा और नारायणपुर ने जीते अपने-अपने मुकाबले

**भिलाई।** अंडर-14 प्लेट ग्रुप इंटर-डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत बिलासपुर के राजा रघुराज सिंह स्टेडियम और रेलवे मैदान पर रोमांचक मुकाबले खेले गए। टॉस के दौरान जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष गुरुदीप सिंह टुटेजा, सहसचिव शरद मुरारका और सीनियर खिलाड़ी गुरुचरण सिंह उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### नारायणपुर और जशपुर का मुकाबला

बिलासपुर में राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में खेले गए पहले मुकाबले में नारायणपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.4 ओवर में 67 रन बनाए, जिसमें नमन मंडल ने सर्वाधिक 15 रन जोड़े। जशपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रतीक तिर्की और देवांश गोयल ने 4-4 विकेट झटके। जवाब में खेलने उतरी जशपुर की टीम 20.2 ओवर में मात्र 26 रन पर ढेर हो गई और उसका कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। नारायणपुर के लिए चिराग़ कुमार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट और यश कश्यप ने 3 विकेट चटकाए। इस प्रकार नारायणपुर ने 41 रनों से शानदार जीत दर्ज की। मैच के निर्णायक महेश वर्मा व रिषभ सोनी, ऑब्जर्वर राजेश शुक्ला और स्कोरर महेश दत्त मिश्रा रहे।

### बारिश के कारण रद्द हुआ बीएसपी और दंतेवाड़ा का मुकाबला

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत बीएसपी और दंतेवाड़ा के बीच मुकाबला राजहरा में खेला जाना था। मैच में दंतेवाड़ा ने



टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण (फील्डिंग) करने का फैसला किया। मैच के दौरान बीएसपी की टीम ने 34 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 194 रन बना लिए थे, जिसमें कप्तान शुभ गिरी ने 44 रन, वी. शरण ने 37 रन, हर्षवर्धन बघेल ने 19 रन और अयान आलम ने 18 रनों का योगदान दिया। दंतेवाड़ा की ओर से गेंदबाजी में पृथ्वी कुमावत ने 3 विकेट, एस. भुवन कार्तिक ने 2 विकेट और एम. अश्विन ने 1 विकेट हासिल किया। बारिश और मैदान के अत्यधिक गीले होने के कारण आगे का खेल संभव नहीं हो सका, जिसके चलते मैच को स्थगित करना पड़ा। परिणामतः यह मुकाबला 'नो रिजल्ट' (बिना किसी परिणाम) घोषित किया गया और नियमानुसार दोनों टीमों को दो-दो अंक प्रदान किए गए।

### कवर्धा और बिलासपुर ब्लू का मुकाबला

रेलवे मैदान पर खेले गए दूसरे मुकाबले में कवर्धा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट पर 217 रन बनाए। इसमें विवान सिन्हा ने नाबाद 84 रन और कुशाग्र ध्रुव ने 60 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से अवनीश शुक्ला और विनायक उपाध्याय ने 2-2 विकेट लिए।

# शूटिंग में ओवरऑल चैंपियनशिप पर रायपुर का कब्जा

**रायपुर।** राजकुमार कॉलेज, रायपुर ने ऑल इंडिया आईपीएससी शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक और बालिका दोनों वर्गों की ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है। 23 से 27 अक्टूबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कॉलेज ने बालक वर्ग में 54 और बालिका वर्ग में 41 अंक हासिल किए। कुल 48 पदक जीतने वाले इस दल ने 27 स्वर्ण, 16 रजत और 5 कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता की 12 टीम स्पर्धाओं में से सात में रायपुर के खिलाड़ियों ने बाजी मारी।



राजकुमार कॉलेज के आरुष बंसल, अक्षांश पाठक, अद्विका मेहता, संजना वर्गेम, मोहम्मद अयान मेमन, देवकृत सिंह झाला और यश मोदी ने व्यक्तिगत मुकाबलों में शानदार स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा इंदौर, पटियाला और दिल्ली के अन्य विद्यालयों के प्रतिभावान निशानेबाजों ने भी विभिन्न श्रेणियों में स्वर्ण पदक हासिल किए। राजकुमार कॉलेज के 12 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के 70वें नेशनल स्कूल गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। चैंपियनशिप के समापन समारोह में राजकुमार कॉलेज जनरल काउंसिल के अध्यक्ष त्रिविक्रम चंद्र देव और प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अविनाश सिंह (सेवानिवृत्त) ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।



# भिलाई, रांची, गुवाहाटी और सिलीगुड़ी सेमीफाइनल में

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई में आयोजित तीन दिवसीय 'इंटर-डीपीएस फुटबॉल टूर्नामेंट जोन 4-बालक (ओपन) 2026' के दूसरे दिन बुधवार का मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा, जिसके परिणाम स्वरूप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुँचने वाली शीर्ष चार टीमों के नाम स्पष्ट हो गए हैं। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में डीपीएस सोसाइटी के जोन 4 के अंतर्गत आने वाले छह राज्यों—छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, नागालैंड और उड़ीसा के डीपीएस परिवारों की कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसमें 256 से अधिक युवा खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### रिसाली परिसर में हुए मुकाबलों के कड़े संघर्ष और परिणाम

डीपीएस रिसाली परिसर में दिन की शुरुआत डीपीएस



दीमापुर और डीपीएस रायपुर के बीच हुए शानदार लीग मैच से हुई, जिसमें डीपीएस दीमापुर ने 3-1 के स्कोर से जीत दर्ज की। एक अन्य बेहद रोमांचक मुकाबले में मेजबान डीपीएस भिलाई की टीम ने डीपीएस दुर्गापुर को 1-0 के करीबी अंतर से पराजित किया, जबकि डीपीएस दुर्ग ने डीपीएस रूबी पार्क कोलकाता को 2-0 से शिकस्त दी। अपराह्न सत्र में हुए महत्वपूर्ण मैचों में डीपीएस गुवाहाटी ने डीपीएस कलिंगा को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित किया, वहीं डीपीएस सिलीगुड़ी ने भी डीपीएस दीमापुर को 2-0 से हराकर अंतिम चार में अपनी मजबूत जगह बनाई।

### मरोदा परिसर के मैदान पर बरसे गोल और सेमीफाइनल की जंग

मरोदा परिसर में खेले गए मुकाबलों में टीमों ने आक्रामक खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिन के पहले लीग मैच में डीपीएस गुवाहाटी ने उत्कृष्ट खेल भावना दिखाते हुए डीपीएस बिलासपुर को 11-0 के विशाल अंतर से करारी शिकस्त दी। अन्य मुकाबलों में डीपीएस रांची ने डीपीएस फुलवारी सिलीगुड़ी को 5-0 से और डीपीएस सिलीगुड़ी ने डीपीएस बोकारो को 3-0 के स्कोर से हराया। अपराह्न के सत्र में डीपीएस रांची और डीपीएस राउरकेला के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें डीपीएस रांची ने 2-1 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मरोदा परिसर के अंतिम मुकाबले में डीपीएस भिलाई ने डीपीएस दुर्ग को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया।

### मरोदा टर्फ ग्राउंड के मुकाबले और ड्रॉ रहा कड़ा संघर्ष

मरोदा टर्फ ग्राउंड पर खेले गए मैचों में भी खिलाड़ियों का जोश देखने लायक था। यहाँ डीपीएस मेगा सिटी कोलकाता और डीपीएस राउरकेला के बीच हुए लीग मैच में डीपीएस राउरकेला ने 2-0 से शानदार जीत दर्ज की। इसके अतिरिक्त, डीपीएस दुलियाजन और डीपीएस कलिंगा के बीच एक अन्य लीग मुकाबला बेहद रक्षात्मक और कड़ा रहा, जहाँ निर्धारित समय की समाप्ति तक दोनों में से कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और मैच अंततः बराबरी (ड्रॉ) पर समाप्त हुआ। कड़े संघर्ष और रोमांचक मुकाबलों के दौर के बाद दूसरे दिन के अंत में चार बेहतरीन टीमों ने सेमीफाइनल के लिए अपनी पक्की जगह बना ली है, जिनमें डीपीएस रांची, डीपीएस गुवाहाटी, डीपीएस सिलीगुड़ी और मेजबान डीपीएस भिलाई शामिल हैं। यह प्रतियोगिता डीपीएस भिलाई के प्रभारी प्राचार्य अमजद हसन जुनजानी, उपप्राचार्य (शैक्षणिक) राजदीप सेन, प्रधानाध्यापिका (सीनियर विंग) नीलम पाण्डेय और प्रधानाध्यापक (मिडिल विंग) अनिल कुमार जांगिड़ के मार्गदर्शन में हो रही है। इसके अलावा, खेल प्रभारी नितिन नायर,उपेन्द्र कुमार, एम. जोशी चेरियन, ऋतिका गुप्ता, नीलिमा ठाकुर, श्वेता शर्मा, शशि चंद्रा और किरण शर्मा,भिलाई इस्पात संयंत्र का योगदान रहा।

कार्नर न्यूज

18 सदस्यीय दल रांची रवाना, सांसद से मिले सभी खिलाड़ी

# राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में कड़े मुकाबले को तैयार छत्तीसगढ़ टीम, 30 से उतरेंगे मैदान में

**भिलाई।** साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रांची (झारखंड) में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ की 18 सदस्यीय टीम गुरुवार, 29 अक्टूबर की सुबह रांची के लिए रवाना होगी। 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ी 78वीं सीनियर, 55वीं जूनियर और 41वीं सब-जूनियर स्पर्धाओं में अपना कौशल दिखाएंगे। छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी, महासचिव विनायक राव चन्नावार और दुर्ग जिला साइकलिंग संघ के सचिव देव प्रकाश वर्मा ने पूरी टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### सांसद ने बढ़ाया मनोबल

प्रतियोगिता के लिए रवाना होने से पूर्व साइक्लिंग दल के खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद बघेल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय



पटल पर राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही उनके साथ फोटो भी खिंचवाई।

### राज्य के विभिन्न जिलों के प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन

राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चुनी गई छत्तीसगढ़ की टीम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभावान खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। टीम में कांकेर से साहिल नागवंशी, रायगढ़ से अतुल प्रधान और रायपुर से सचिन कुमार का चयन हुआ है। वहीं भिलाई से सन्नी कुमार, तुषार देवांगन, तुषाल साहू, कट्टा नेहा, यश कुमार साहू, भानु प्रताप पटेल, ऋषभ साहू, दिपेश कुमार निर्मलकर, डोमेंद्र साहू, साक्षी सलामे और गीतिका साहू राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### अनुभवी कोच और प्रबंधकों की देखरेख में उतरी टीम

टीम की तैयारियों और स्पर्धा के दौरान उनके बेहतर मार्गदर्शन के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों और प्रबंधकों की नियुक्ति की गई है। दल में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रतीक मानोध्याय जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उनके साथ



अभिषेक मिश्रा, श्रीमती बीना मिश्रा और विशेष तिवारी को कोच व टीम प्रबंधक के रूप में शामिल किया गया है, जो प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

### खेल प्रेमियों और खेल संघ के पदाधिकारियों ने दीं शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ साइक्लिंग संघ के सदस्यों और स्थानीय खेल प्रेमियों में इस प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर टी.वी. सुनील, शशांक देशमुख, कल्पना स्वामी, यीशु पांडे, निर्मल गेड़ सहित संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने पूरी टीम को राष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करने और पदक जीतकर लौटने के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'ड्यूनः पार्ट थ्री' को लेकर उत्साह , डेनिस के निर्देशन में तेजी से चल रही है तैयारियां

साइंस-फिक्शन सिनेमा प्रेमियों के लिए एक बेहद रोमांचक खबर सामने आ रही है। लोकप्रिय 'ड्यून' फ्रैंचाइज़ी के तीसरे हिस्से यानी 'ड्यूनः पार्ट थ्री' पर



काम अब बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। फिल्म के निर्देशक डेनिस विलेन्यूव इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट को पर्दे पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और इसके प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर चल रहा है। फ्रैंचाइज़ी के पिछले भागों की अपार सफलता के बाद से ही दर्शकों को इसके अगले अध्याय का बेसब्री से इंतज़ार है। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर जो विवरण सामने आए हैं, वे फैंस का उत्साह और बढ़ाने के लिए काफी हैं। इस आगामी फिल्म में एक बार फिर मुख्य भूमिकाओं में लोकप्रिय अभिनेता टिमोथी शालामे और जेंडया अपनी शानदार अदाकारी का जादू बिखेरते नजर आएंगे। इसके साथ ही, प्रशंसित अभिनेत्री फ्लोरेंस प्यू भी एक बार फिर महत्वपूर्ण भूमिका में इस ब्रह्मांड का हिस्सा बनेंगी। कलाकारों की यह मजबूत तिकड़ी इस साइंस-फिक्शन महागाथा को एक नए और और भी ज्यादा रोमांचक स्तर पर ले जाने का वादा करती है। कहानी के मोर्चे पर, यह फिल्म फ्रैंचाइज़ी के मूल उपन्यासों और कथाओं के एक गहरे और जटिल सफर को आगे बढ़ाएगी। निर्देशक डेनिस विलेन्यूव अपनी विज़ुअल और शानदार कहानी कहने की शैली के लिए जाने जाते हैं, और इस बार भी वह सिनेमाघरों में एक भव्य और अनोखा दृश्य अनुभव देने की तैयारी में हैं। भव्य सेट, अत्याधुनिक वीएफएक्स और कलाकारों के बेहतरीन अभिनय के दम पर 'ड्यूनः पार्ट थ्री' इस दशक की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्मों में अपनी जगह पक्की करती नजर आ रही है।

### टॉलीवुड

## तमिल डेब्यू के लिए तैयार नस्लेन, सामने आया 'सीन' का खतरनाक डार्क लुक

दक्षिण भारतीय सिनेमा जगत से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार




सूर्या की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सीन' से युवा और लोकप्रिय मलयालम अभिनेता नस्लेन का पहला लुक आधिकारिक तौर पर जारी कर दिया गया है। फिल्म से सामने आए इस पोस्टर में नस्लेन का एक बेहद अलग, रहस्यमयी और इंटेंस 'डार्क अवतार' देखने को मिल रहा है। इस फिल्म और अपने इस खास किरदार के साथ नस्लेन तमिल फिल्म उद्योग में अपना पहला कदम रखने जा रहे हैं। 'प्रेमलू' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपनी हल्की-फुल्की कॉमेडी और सहज अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाले नस्लेन के लिए यह किरदार पूरी तरह से नया और चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। आमतौर पर रोमैंटिक और कॉमिक रोल्स के लिए पहचाने जाने वाले नस्लेन का यह डार्क और गंभीर लुक फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज बनकर आया है। पोस्टर जारी होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और सिनेमा प्रेमियों के बीच उनके इस नए अवतार को लेकर जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई है। फिल्म 'सीन' में सूर्या और नस्लेन की यह अनोखी जोड़ी पहली बार पर्दे पर एक साथ नज़र आने वाली है। ट्रेड विश्लेषकों का मानना है कि कहानी में नस्लेन का यह इंटेंस किरदार सूर्या के किरदार के साथ स्क्रीन पर एक बड़ा ड्रामा और थ्रिल पैदा करेगा। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और इसके निर्देशन व तकनीकी टीम को लेकर भी काफी उत्सुकता बनी हुई है। दक्षिण भारतीय सिनेमा में हाल के दिनों में क्रॉस-इंडस्ट्री कास्टिंग का रुझान तेजी से बढ़ा है, जहां मलयालम सिनेमा के उभरते सितारे तमिल और तेलुगु फिल्मों में मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। नस्लेन का यह तमिल डेब्यू भी इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। फैंस अब सूर्या और नस्लेन के बीच के ऑन-स्क्रीन टकराव और फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## स्वतंत्रता सेनानी बैकुंठ शुक्ल पर बनेगी भव्य फिल्म, अगले महीने से होगी शूटिंग

स्वतंत्रता सेनानी व अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल के जीवन पर आधारित एक भव्य भोजपुरी फिल्म का निर्माण जल्द ही शुरू होने जा रहा है। यह फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वर नाथ घोष वैद्य के लेखन और साहित्य पर आधारित होगी, जो उनके जीवन के अनछुए



पहलुओं को बड़े पर्दे पर जीवंत करेगी। इस घोषणा के बाद से न केवल भोजपुरी सिनेमा जगत बल्कि कला और इतिहास प्रेमियों के बीच भी काफी सकारात्मक चर्चा और उत्साह का माहौल है। फिल्म से जुड़े निर्माताओं और निर्देशकों की योजना के अनुसार, इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट की शूटिंग इसी साल नवंबर के महीने से उत्तर बिहार के ऐतिहासिक स्थलों पर शुरू कर दी जाएगी। शूटिंग के लिए मुजफ्फरपुर और पश्चिम चंपारण जैसे प्रमुख और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण जिलों को चुना गया है।




लंदन फैशन वीक फॉल विंटर के खास ट्रेंड्स फैशन प्रेमियों के लिए एक रोमांच का अवसर लाते हैं। यह ट्रेंड्स न्यूयॉर्क से शुरू होकर लंदन और आगे मिलान व पेरिस तक फैल रहा है। लंदन फैशन वीक फॉल विंटर में इस सीज़न में 'रूचिंग' (Ruching) ट्रेंड ने विशेष रूप से ध्यान खींचा है। आसान शब्दों में कहें तो रूचिंग कपड़ों में सिलवटें या गैदर्स डालने की एक बेहतरीन तकनीक है, जो किसी भी आउटफिट में गहराई और खूबसूरत डायमेंशन जोड़ती है। आगामी छुट्टियों या शहर की सैर के लिए रूच्ड ऑफ-शोल्डर टॉप एक बेहतरीन और स्टाइलिश विकल्प साबित हो सकता है।

## सौंदर्य बाजार में प्राकृतिक निखार और ग्लास स्किन का क्रेज

आजकल भारताय फशन आर ब्यूटा इडस्ट्रा म पारंपरिक और भारी मेकअप के बजाय प्राकृतिक निखार को प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में ब्यूटी ट्रेंड्स में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जहां भारी कवरेज वाले फाउंडेशन और लेयरिंग की जगह त्वचा को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ और चमकदार दिखाने पर जोर दिया जा रहा है। इस बदलाव ने आधुनिक भारतीय महिलाओं की दिनचर्या और सौंदर्य उत्पादों के चयन को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। बाज़ार में अब ऐसे उत्पादों की मांग सबसे अधिक है जो त्वचा को नुकसान पहुँचाए बिना उसे अंदर से पोषित करते हैं और एक सहज चमक प्रदान करते हैं।

इस नए दौर के सबसे लोकप्रिय ट्रेंड्स में ग्लास स्किन, स्किन-फर्स्ट बेस और नेचुरल-ग्लो मेकअप सबसे आगे हैं। ग्लास स्किन का मुख्य उद्देश्य त्वचा को इतना साफ, चिकना और हाइड्रेटेड बनाना है कि वह कांच की तरह चमक उठे। इसके लिए अब भारी-भरकम बेस उत्पादों के बजाय हल्के मॉइश्चराइज़र, फेशियल सीरम और हाइड्रेटिंग टोनर का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्किन-फर्स्ट बेस



तकनाक का मतलब ह ाक मकअप करन स पहले स्किनकेयर पर पूरा ध्यान दिया जाए, ताकि त्वचा की प्राकृतिक बनावट बरकरार रहे और मेकअप केवल उसे निखारने का काम करे, न कि उसे पूरी तरह ढंके।

इस ट्रेंड को अपनाने के लिए बाजार में लिक्विड ब्लश, स्किन टिंट्स, और वॉटर-बेस्ड लिपटिंट्स जैसे नए और आधुनिक उत्पाद बड़ी संख्या में आ चुके हैं। पारंपरिक पाउडर उत्पादों की जगह क्रीम और लिक्विड आधारित उत्पाद अधिक पसंद किए जा रहे हैं क्योंकि वे त्वचा में आसानी से मिल जाते हैं और लंबे समय तक प्राकृतिक चमक बनाए रखते हैं। इसके अलावा, मल्टी-पर्पस पैलेट्स जिनमें कंसीलर, ब्लश और हाइलाइटर एक साथ मिलते हैं, कामकाजी महिलाओं और युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। यह सभी उत्पाद कम समय में एक फ्रेश और ग्लोइंग लुक पाने के लिए बेहद मददगार साबित हो रहे हैं।

कुल मिलाकर, भारतीय सौंदर्य उद्योग का यह नया रुझान इस बात का प्रमाण है कि लोग अब भारी और कृत्रिम लुक के बजाय अपनी त्वचा की सेहत को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## गुलाबी ठंड में छाए भारतीय युवाओं के ट्रेंडी आउटफिट्स



जल्द शुरू होने जा रहे नवंबर महीने में हल्की-फुल्की ठंड रहेगी। गुलाबी ठंड का एहसास तो होगा ही। ऐसे में भारतीय युवाओं के वार्डरोब में स्टाइल और कम्फर्ट का एक अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। मौसम के इस बदलते मिजाज में न ज्यादा गर्मी होती है और न ही बहुत कड़ाके की सर्दी, इसलिए फैशन प्रेमी ऐसे कपड़ों को तरजीह दे रहे हैं जो दिखने में बेहद कूल हों और दिन भर आरामदायक भी महसूस कराएं। कॉलेज जाने वाले स्टूडेंट्स से लेकर वर्किंग प्रोफेशन्स तक, हर कोई इस गुलाबी ठंड में अपनी पर्सनैलिटी के हिसाब से नए-नए विंटर लुक्स अपना रहा है। आइए जानते हैं इस सीजन में भारतीय यूथ के बीच कौन-कौन से आउटफिट्स सबसे ज्यादा ट्रेंड कर रहे हैं।



### ओवरसाइज्ड हुडी और डेनिम



कैजुअल स्ट्रीटवैल स्टाइल को पसंद करने वाले युवाओं के लिए ओवरसाइज्ड हुडीज़ और रिलैक्स्ड-फिट डेनिम का कॉम्बिनेशन पहली पसंद बना हुआ है। वाइब्रेंट और पेस्टल शेड्स में आने वाली ये हुडीज़ न केवल बेहद कूल लुक देती हैं, बल्कि दिनभर की भागदौड़ में बेहतरीन आराम भी प्रदान करती हैं। इन्हें वाइड-लेग या स्ट्रैट-फिट जींस और ट्रेंडी स्नीकर्स के साथ पेयर करके युवा एक परफेक्ट 'अनफॉर्मल ऐट-इज़' स्टाइल स्टेटमेंट बना रहे हैं।

### लेयर्ड ट्रेंच कोट और ब्लेज़र

स्मार्ट-कैजुअल और सेमी-फॉर्मल मौकों के लिए लेयरिंग का ट्रेंड युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। किसी भी बेसिक सॉलिड टी-शर्ट और क्लासिक जींस के ऊपर लाइटवेट ट्रेंच कोट, ओवरकोट या स्ट्रक्चर्ड कैजुअल ब्लेज़र पहनने से पूरा लुक तुरंत एलीगेंट और क्लासी बन जाता है। ऑफिस मीट, शाम के गेट-टुगेदर या कैफे हैंगआउट्स के लिए यह लेयर्ड स्टाइल युवाओं को एक शार्प और अट्रैक्टिव अपीयरेंस देता है।

## हीट स्टाइलिंग के कारण बाल हो गए हैं डैमेज तो ये टिप्स आएंगी आपके काम

हम सभी चाहते हैं कि हमारे बाल लम्बे और घने नजर आए और इसके लिए हम आए दिन कई तरीके के हेयर ट्रीटमेंट भी करवाते हैं। वहीं हम अक्सर बालों को आकर्षक लुक देने के लिए स्टाइलिंग भी करते हैं और इसके लिए कई तरीके के हीट वाले स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करते हैं।

बालों में किसी भी तरह के हेयर स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करने से पहले आपको हीट प्रोटेक्टिंग स्प्रे का इस्तेमाल करना चाहिए। यह बालों को हीट स्टाइलिंग टूल के कारण होने वाले डैमेज जैसे बालों का जलना, स्प्लिट एंड्स, हेयर ड्राईनेस जैसी कई डैमेज से बालों की रक्षा करने में सहायता करता है। इसे आप बालों में किसी भी तरह के हीट स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करने से पहले स्प्रे के जरिये कर सकती हैं।

हेयर स्टाइलिंग के बाद अक्सर बालों के टेक्सचर में कई तरह के बदलाव नजर आने लगते हैं, जो खासकर बालों को डैमेज करने का काम करते हैं। बता दें कि बालों को इन डैमेज से बचाने के लिए आप एलोवेरा जेल का



इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप स्कैल्प से लेकर बालों की लेंथ तक में सीधे इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं इसके लिए आप सीधे एलोवेरा के पौधे से पत्तियों को काटकर लगा सकती हैं। बालों को धोने के बाद हमेशा कंडीशनर का इस्तेमाल करें। कंडीशनर आपके बालों को सही मात्रा में मॉइस्चराइज करने के काम करता है। स्कैल्प से लेकर लेंथ तक आप जरूरत अनुसार हेयर सीरम का इस्तेमाल जरूर करें। बालों को धोने से करीब 2 घंटे पहले हेयर ऑयल का इस्तेमाल करें। गीले बालों पर कंघा इस्तेमाल करने से थोड़ा बचाव करें। बालों को सूखाने के लिए हीटिंग टूल या तौलिए से रगड़ने का प्रयास न करें।

## एक्ने से लेकर टैनिंग की समस्या से निजात पाने एक्सपर्ट नुस्खे आजमाएं

स्किन को स्पॉटलेस बनाए रखने में काफी मेहनत लगती है। कभी चेहरे पर एक्ने हो जाते हैं या टैनिंग की समस्या के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। त्वचा संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए आप घरेलू नुस्खे आजमा सकती हैं। हाल ही में डर्मेटोलॉजिस्ट आंचल पंत ने एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने एक्ने से लेकर ऑयली स्किन के लिए आसान उपाय बताएं हैं। चलिए जानते हैं वह नुस्खे, जो स्किन को हेल्दी बनाने का काम करते हैं।

एक्ने के लिए समस्या से परेशान हैं, तो चेहरे पर शहद का इस्तेमाल किया जा सकता है । शहद में एंटी-बैक्टी और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। एक्ने की वजह से चेहरे के आसपास रेडनेस आने लगती है, शहद के उपयोग से त्वचा लाल नजर नहीं आएगी। चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। अब अपनी त्वचा पर शहद की एक पतली लेयर लगाएं। हफ्ते में 2-3 बार एक्ने पर शहद लगाने से यह समस्या कम हो जाएगी। एक्ने पर एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। यह सिरका स्किन के लिए हार्श होता है। इसके कारण चेहरा जल भी सकता है।



### टैनिंग से छुटकारा कैसे पाएं?

धूप के अधिक एक्सपोजर के कारण टैनिंग की समस्या हो जाती है। टैनिंग के कारण चेहरे भद्दा नजर आता है। टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप टमाटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। टमाटर में लाइकोपीन पाया जाता है, जिसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। टमाटर में बेटाकेरोटिन, विटामिन सी और ई भी होते हैं। टमाटर को धोकर दो टुकड़ों को में काट लें। अब टमाटर को पूरे चेहरे पर लगाएं।

**कार्नर न्यूज**

### पैरों की बदबू से छुटकारा दिलाने आसान से उपाय अपनाइए

## इस मौसम में पैरों की हिफाजत करें खास तरीके से हाईजिन मेंटेन करने के साथ पैडिक्योर भी है जरूरी

सर्दियों में पैरों को ढके रखने से एक प्रमुख समस्या पैदा हो सकती है और वो है बदबूदार पैर। यह समस्या उस बदबू के लिए एक निमंत्रण की तरह है, जिसे छोड़ने में निश्चित रूप से कुछ समय लगता है और यकीन मानिए ये पर्यावरण के लिए भी ठीक नहीं है।

### अपने पैरों को सही तरीके से धोएं

आप सोच रहे होंगे कि अपने पैर धोना में ऐसा क्या नया है। ये तो आप रोजाना करते हैं, लेकिन वास्तव में आपकी तकनीक गलत हो सकती है। एक खूशबूदार साबुन आपके लिए उपयोगी साबित नहीं हो सकता है। इसलिए आपको एक मेडिकेटेड साबुन की आवश्यकता होती है। अपने पैर की उंगलियों के बीच में विशेष ध्यान दें, क्योंकि यहां अधिकांश नमी जमा हो जाती है। इसके अलावा पूरे दिन आराम से रहने के लिए अपने पैरों को कुछ फुट स्प्रे पाउडर से स्प्रे करें।

एक तरीका और भी है। आप एक वॉश बेसिन को गर्म पानी से भरें। इसमें शैम्पू की कुछ बूंदें और एक



एंटीसेप्टिक घोल को मिलाएं। अब अपने पैरों को पानी में कम से कम 10 मिनट के लिए अच्छे से भिगो दें, ताकि जमा हुई गंदगी नरम हो जाए। आप चाहें तो अपने पैर के नाखूनों को साफ करने के लिए नेल ब्रश या पुराने टूथ ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। एड़ियों और पैरों के तलवों के लिए फुट स्क्रबर का इस्तेमाल करें। जोर-जोर से न रगड़ें, क्योंकि इससे आपको चोट लग सकती है।

अगर आपके पैर के नाखून बहुत लंबे हो गए हैं, तो उन्हें काट दें। सर्दियों में अपने पैर के नाखूनों को छोटा रखना सबसे अच्छा होता है, ताकि गंदगी अंदर जमा न हो। इसके बाद अपने पैरों को धीरे से थपथपाकर सुखाएं। अपने पैरों पर मॉइस्चराइजर लगाएं और उनकी मालिश करें। यह ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने का भी काम करेगा।

### सिरका से स्नान

कुछ घरेलू उपचार आपके पैरों की बदबू के लिए जबरदस्त साबित हो सकते हैं। ऐसा ही एक उपाय है विनेगर बाथ, जिसमें आपको टब में गर्म पानी भरकर उसमें सिरका को अच्छी तरह मिलाना है। इसमें अपने पैरों को डुबोएं और 30 मिनट तक ऐसे ही रखें। इसमें मौजूद ऐसिडिक कंटेंट बैक्टीरिया को खत्म करता है और बदबू को रोकता है।

